कवि भीम विरचित

सदयवत्स वीर प्रबन्ध

अनेक हस्तलिखित प्रतियों की सहाय से संशोधित अज्ञात कविकृत

"सावलिंगा पाणिग्रहण चउपई"

और

कवि कीर्तिवर्धन रचित 'सदयवत्स सावलिंगा चउपई'

के परिशिष्ट और

प्रस्तावना एवं टिप्पणियाँ सहित



सम्पादक—

डा० मंजुलाल मजमुदार

एम. ए., पी-एच. डी. एल-एल. बी.

'माधवानल कामकंदला प्रबन्ध' के सम्पादक

एवं

'गुजराती साहित्य के स्वरूप-पद्य विभाग: मध्यकालीन और अर्वाचीन' के लेखक

प्रकाशक:—
सादूल राजस्थानी रिसर्च इन्स्टीटयूट
बीकानेर

प्रथम संस्करण : १००० प्रतियाँ
मूल्य—४ रु०

मुद्रक:—
महावीर मुद्रणालय,
अलीगंज (एटा)

डा० कन्हैयालाल मुन्शी 'Gujarat & its Literature' (1935) Page 162:—

"'Sadayavatsa kathā' has charmed Gujarat for about five hundred years. Sadayavatsa and Sāvalingā, husband and wife, are banished from their native city and are separated. Ultimately they meet after undergoing fearful experiences, in all of which the fantastic vies with the miraculous. The story is taken probably from some unknown Prākrit source. Its first available Gujarati version is copied in Samvat 1488."

संकलना

अर्पण

कायस्थ कवि गणपतिकृत 'माधवानल कामकंदला
(१६१४), और भीमकृत 'सदयवत्स वीर प्रबंध' (१
के प्रथम निवेदक ।

अनेक अप्रकट संस्कृत प्राकृत अपभ्रंश और
प्राचीन गुजराती ग्रंथों के आद्य संशोधक ।
(पट्टण ग्रंथ-भण्डारों की सहाय से आधार ले
'गायकवाड़ प्राच्य ग्रंथमाला' के आद्य संप

राजरत्न

पं० चीमनलाल दलाल की स्मृति में

सविनय
अर्पण



मंजुलाल मजमुदार

प्रकाशकीय

श्री सादूल राजस्थानी रिसर्च-इन्स्टीट्यूट बीकानेर की स्थापना सन् १९४४ में बीकानेर राज्य के तत्कालीन प्रधान मन्त्री श्री के० एम० पणिक्कर महोदय की प्रेरणा से, साहित्यानुरागी बीकानेर-नरेश स्वर्गीय महाराजा श्री सादूलसिंहजी बहादुर द्वारा संस्कृत, हिन्दी एवं विशेषतः राजस्थानी साहित्य की सेवा तथा राजस्थानी भाषा के सर्वाङ्गीण विकास के लिये की गई थी।

भारतवर्ष के सुप्रसिद्ध विद्वानों एवं भाषाशास्त्रियों का सहयोग प्राप्त करने का सौभाग्य हमें प्रारम्भ से ही मिलता रहा है।

संस्था द्वारा विगत १६ वर्षों से बीकानेर में विभिन्न साहित्यिक प्रवृत्तियां चलाई जा रही हैं, जिनमें से निम्न प्रमुख हैं—

१. विशाल राजस्थानी-हिन्दी शब्दकोश

इस सम्बन्ध में विभिन्न स्रोतों से संस्था लगभग दो लाख से अधिक शब्दों का संकलन कर चुकी है। इसका सम्पादन आधुनिक कोशों के ढंग पर, लंबे समय से प्रारम्भ कर दिया गया है और अब तक लगभग तीस हजार शब्द सम्पादित हो चुके हैं। कोश में शब्द, व्याकरण, व्युत्पत्ति, उसके अर्थ और उदाहरण आदि अनेक महत्वपूर्ण सूचनाएं दी गई हैं। यह एक अत्यन्त विशाल योजना है, जिसकी सन्तोषजनक क्रियान्विति के लिये प्रचुर द्रव्य और श्रम की आवश्यकता है। आशा है राजस्थान सरकार की ओर से, प्रार्थित द्रव्य-साहाय्य उपलब्ध होते ही निकट भविष्य में इसका प्रकाशन प्रारम्भ करना सम्भव हो सकेगा।

२. विशाल राजस्थानी मुहावरा कोश

राजस्थानी भाषा अपने विशाल शब्द भंडार के साथ मुहावरों से भी समृद्ध है। अनुमानतः पचास हजार से भी अधिक मुहावरे दैनिक प्रयोग में लाये जाते हैं। हमने लगभग दस हजार मुहावरों का, हिन्दी में अर्थ और राजस्थानी में उदाहरणों सहित प्रयोग देकर सम्पादन करवा लिया है और शीघ्र ही इसे प्रकाशित करने का प्रबन्ध किया जा रहा है। यह भी प्रचुर द्रव्य और श्रम-साध्य कार्य है।

यदि हम यह विशाल संग्रह साहित्य-जगत को दे सके तो यह संस्था के लिये ही नहीं किन्तु राजस्थानी और हिन्दी जगत के लिये भी एक गौरव की बात होगी।

३. आधुनिक राजस्थानी रचनाओं का प्रकाशन

इसके अंतर्गत निम्नलिखित पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं:—

१. कळायण, ऋतु काव्य। ले० श्री नानूराम संस्कर्ता।
२. आभै पटकी, प्रथम सामाजिक उपन्यास। ले० श्री श्रीलाल जोशी।
३. वरस गांठ, मौलिक कहानी संग्रह। ले० श्री मुरलीधर व्यास।

'राजस्थान-भारती' में भी आधुनिक राजस्थानी रचनाओं का एक अलग स्तम्भ है, जिसमें भी राजस्थानी कवितायें, कहानियां और रेखाचित्र आदि छपते रहते हैं।

४. 'राजस्थान-भारती' का प्रकाशन

इस विख्यात शोधपत्रिका का प्रकाशन संस्था के लिये गौरव की वस्तु है। गत १४ वर्षो से प्रकाशित इस पत्रिका की विद्वानों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की है। बहुत चाहते हुए भी द्रव्याभाव, प्रेस की एवं अन्य कठिनाइयों के कारण, त्रैमासिक रूप से इसका प्रकाशन संभव नही हो सका है। इसका भाग ५ अंक ३-४ 'डा० लुइजि पिओ तैस्सितोरी विशेषांक' बहुत ही महत्वपूर्ण एवं उपयोगी सामग्री से परिपूर्ण है। यह अंक एक विदेशी विद्वान की राजस्थानी साहित्य सेवा का एक बहुमूल्य सचित्र कोश है। पत्रिका का अगला ७वां भाग शीघ्र ही प्रकाशित होने जा रहा है। इसका अंक १-२ राजस्थानी के सर्वश्रेष्ठ महाकवि पृथ्वीराज राठोड़ का सचित्र और वृहत् विशेषांक है। अपने ढंग का यह एक ही प्रयत्न है।

पत्रिका की उपयोगिता और महत्व के संबंध मे इतना ही कहना पर्याप्त होगा कि इसके परिवर्तन में भारत एवं विदेशों से लगभग ८० पत्र-पत्रिकाएं हमें प्राप्त होती हैं। भारत के अतिरिक्त पाश्चात्य देशों में भी इसकी मांग है व इसके ग्राहक हैं। शोधकर्त्ताओ के लिये 'राजस्थान-भारती' अनिवार्यतः संग्रहणीय शोध-पत्रिका है। इसमें राजस्थानी भाषा, साहित्य, पुरातत्व, इतिहास, कला आदि पर लेखो के अतिरिक्त संस्था के तीन विशिष्ट सदस्य डा० दशरथ शर्मा, श्री नरोत्तमदास स्वामी और श्री अगरचंद नाहटा की वृहत् लेख सूची भी प्रकाशित की गई है।

५. राजस्थानी साहित्य के प्राचीन और महत्वपूर्ण ग्रन्थों का अनुसंधान, सम्पादन एवं प्रकाशन

हमारी साहित्य-निधि को प्राचीन, महत्वपूर्ण और श्रेष्ठ साहित्यिक कृतियों को सुरक्षित रखने एवं सर्वसुलभ कराने के लिये सुसम्पादित एवं शुद्ध रूप में मुद्रित करवा कर उचित मूल्य में वितरित करने की हमारी एक विशाल योजना है। संस्कृत, हिंदी और राजस्थानी के महत्वपूर्ण ग्रंथों का अनुसंधान और प्रकाशन संस्था के सदस्यों की ओर से निरंतर होता रहा है, जिसका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया जा रहा है—

६. पृथ्वीराज रासो

पृथ्वीराज रासो के कई संस्करण प्रकाश में लाये गये हैं और उनमें से लघुतम संस्करण का सम्पादन करवा कर उसका कुछ अंश 'राजस्थान-भारती' में प्रकाशित किया गया है। रासो के विविध संस्करण और उसके ऐतिहासिक महत्व पर कई लेख राजस्थान-भारती में प्रकाशित हुए हैं।

७. राजस्थान के अज्ञात कवि जान (न्यामतखां) की ७५ रचनाओं की खोज की गई। जिसकी सर्वप्रथम जानकारी 'राजस्थान-भारती' के प्रथम अंक में प्रकाशित हुई है। उनका महत्वपूर्ण ऐतिहासिक 'काव्य क्यामरासा' तो प्रकाशित भी करवाया जा चुका है।

८. राजस्थान के जैन संस्कृत साहित्य का परिचय नामक एक निबंध राजस्थान-भारती में प्रकाशित किया जा चुका है।

९. मारवाड़ क्षेत्र के ५०० लोकगीतों का संग्रह किया जा चुका है। बीकानेर एवं जैसलमेर क्षेत्र के सैंकड़ों लोकगीत, घूमर के लोकगीत, बाल लोकगीत, लोरियां, और लगभग ७०० लोक कथाएँ संग्रहीत की गई हैं। राजस्थानी कहावतों के दो भाग प्रकाशित किये जा चुके हैं। जीणमाता के गीत, पाबूजी के पवाड़े और राजा भरथरी आदि लोक काव्य सर्वप्रथम 'राजस्थान-भारती' में प्रकाशित किए गए है।

१०. बीकानेर राज्य के और जैसलमेर के अप्रकाशित अभिलेखों का विशाल संग्रह 'बीकानेर जैन लेख संग्रह' नामक वृहत् पुस्तक के रूप मे प्रकाशित हो चुका है।

११. जसवंत उद्योत, मुंहता नैणसी री ख्यात और अनोखी आन जैसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक ग्रंथों का सम्पादन एवं प्रकाशन हो चुका है।

१२. जोधपुर के महाराजा मानसिंहजी के सचिव कविवर उदयचन्द भंडारी की ४० रचनाओं का अनुसन्धान किया गया है और महाराजा मानसिंहजी की काव्य-साधना के सम्बन्ध में भी सबसे प्रथम 'राजस्थान भारती' मे लेख प्रकाशित हुआ है।

१३. जैसलमेर के अप्रकाशित १०० शिलालेखों और 'भट्टि वंश प्रशस्ति' आदि अनेक अप्राप्य और अप्रकाशित ग्रंथ खोज-यात्रा करके प्राप्त किये गये है।

१४. बीकानेर के मस्तयोगी कवि ज्ञानसारजी के ग्रंथों का अनुसन्धान किया गया और ज्ञानसागर ग्रंथावली के नाम से एक ग्रंथ भी प्रकाशित हो चुका है। इसी प्रकार राजस्थान के महान विद्वान महोपाध्याय समयसुन्दर की ५६३ लघु रचनाओं का संग्रह प्रकाशित किया गया है।

१५. इसके अतिरिक्त संस्था द्वारा—

(१) डा० लुइजि पिओ तैस्सितोरी, समयसुन्दर, पृथ्वीराज और लोकमान्य तिलक आदि साहित्य-सेवियों के निर्वाण-दिवस और जयन्तियां मनाई जाती हैं।

(२) साप्ताहिक साहित्य गोष्ठियों का आयोजन बहुत समय से किया जा रहा है, इसमे अनेको महत्वपूर्ण निबंध, लेख, कविताएं और कहानियां आदि पढी जाती हैं, जिससे अनेक विध नवीन साहित्य का निर्माण होता रहता है। विचार विमर्श के लिये गोष्ठियो तथा भाषणमालाओं आदि के भी समय-समय पर आयोजन किये जाते रहे है।

१६. बाहर से ख्याति प्राप्त विद्वानों को बुलाकर उनके भाषण करवाने का आयोजन भी किया जाता है। डा० वासुदेवशरण अग्रवाल, डा० कैलाशनाथ काटजू, राय श्रीकृष्णदास, डा० जी० रामचन्द्रम्, डा० सत्यप्रकाश, डा० डब्लू० एलेन, डा० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या, डा० तिबेरिओ-तिबेरी आदि अनेक अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वानों के इस कार्यक्रम के अन्तर्गत भाषण हो चुके है।

गत दो वर्षों से महाकवि पृथ्वीराज राठौड़ आसन की स्थापना की गई है। दोनों वर्षों के आसन-अधिवेशनो के अभिभापक क्रमशः राजस्थानी भाषा के प्रकाण्ड

विद्वान् श्री मनोहर शर्मा एम० ए०, बिसाऊ और पं० श्रीलालजी मिश्र एम० ए०, हुंडलोद थे।

इस प्रकार संस्था अपने १६ वर्षों के जीवनकाल में, संस्कृत, हिन्दी और राजस्थानी साहित्य की निरंतर सेवा करती रही है। आर्थिक संकट से ग्रस्त इस संस्था के लिये यह सम्भव नहीं हो सका कि यह अपने कार्यक्रम को नियमित रूप से पूरा कर सकती, फिर भी यदा कदा लड़खड़ा कर गिरते पड़ते इसके कार्यकर्त्ताओं ने 'राजस्थान-भारती' का सम्पादन एवं प्रकाशन जारी रखा और यह प्रयास किया कि नाना प्रकार की बाधाओं के बावजूद भी साहित्य सेवा का कार्य निरंतर चलता रहे। यह ठीक है कि संस्था के पास अपना निजी भवन नही है, न अच्छा संदर्भ पुस्तकालय है, और न कार्यालय को सुचारु रूप से सम्पादित करने के समुचित साधन ही हैं; परन्तु साधनों के अभाव में भी संस्था के कार्यकर्त्ताओं ने साहित्य की जो मौन और एकान्त साधना की है वह प्रकाश में आने पर संस्था के गौरव को निश्चित ही बढ़ा सकने वाली होगी।

राजस्थानी-साहित्य-भंडार अत्यन्त विशाल है। अब तक इसका अत्यल्प अंश ही प्रकाश में आया है। प्राचीन भारतीय वाङ्मय के अलभ्य एवं अनर्घ रत्नों को प्रकाशित करके विद्वज्जनों और साहित्यिकों के समक्ष प्रस्तुत करना एवं उन्हें सुगमता से प्राप्त करना संस्था का लक्ष्य रहा है। हम अपनी इस लक्ष्य पूर्ति की ओर धीरे-धीरे किन्तु दृढ़ता के साथ अग्रसर हो रहे हैं।

यद्यपि अब तक पत्रिका तथा कतिपय पुस्तकों के अतिरिक्त अन्वेषण द्वारा प्राप्त अन्य महत्वपूर्ण सामग्री का प्रकाशन करा देना भी अभीष्ट था, परन्तु अर्थाभाव के कारण ऐसा किया जाना सम्भव नही हो सका। हर्ष की बात है कि भारत सरकार के वैज्ञानिक संशोध एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम मन्त्रालय (Ministry of scientific Research and Cultural Affairs) ने अपनी आधुनिक भारतीय भाषाओं के विकास की योजना के अंतर्गत हमारे कार्यक्रम को स्वीकृत कर प्रकाशन के लिये १५,०००) रु० इस मद में राजस्थान सरकार को दिये तथा राजस्थान सरकार द्वारा उतनी ही राशि अपनी ओर से मिलाकर कुल ३००००) तीस हजार की सहायता, राजस्थानी साहित्य के सम्पादन-प्रकाशना

हेतु इस संस्था को इस वित्तीय वर्ष में प्रदान की गई है; जिससे इस वर्ष निम्नोक्त ३१ पुस्तकों का प्रकाशन किया जा रहा है।

१. राजस्थानी व्याकरण—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
२. राजस्थानी गद्य का विकास (शोध प्रबंध)	डा० शिवस्वरूप शर्मा अचल
३. अचलदास खीची री वचनिका—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
४. हमीरायण—	श्री भंवरलाल नाहटा
५. पद्मिनी चरित्र चौपई—	,, ,, ,,
६. दलपत विलास—	श्री रावत सारस्वत
७. डिंगल गीत—	,, ,, ,,
८. पंवार वंश दर्पण—	डा० दशरथ शर्मा
९. पृथ्वीराज राठोड़ ग्रंथावली—	श्री नरोत्तमदास स्वामी और श्री बदरीप्रसाद साकरिया
१०. हरिरस—	श्री बदरीप्रसाद साकरिया
११. पीरदान लालस ग्रंथावली—	श्री अगरचंद नाहटा
१२. महादेव पार्वती वेलि—	श्री रावत सारस्वत
१३. सीताराम चौपई—	श्री अगरचंद नाहटा
१४. जैन रासादि संग्रह—	श्री अगरचंद नाहटा और डा० हरिवल्लभ भायाणी
१५. सदयवत्स वीर प्रबंध—	प्रो० मंजुलाल मजूमदार
१६. जिनराजसूरि कृतिकुसुमांजलि—	श्री भंवरलाल नाहटा
१७. विनयचंद कृतिकुसुमांजलि—	,, ,, ,,
१८. कविवर धर्मवर्द्धन ग्रंथावली—	श्री अगरचंद नाहटा
१९. राजस्थान रा दूहा—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
२०. वीर रस रा दूहा—	,, ,, ,,
२१. राजस्थान के नीति दोहे—	श्री मोहनलाल पुरोहित
२२. राजस्थानी व्रत कथाएँ—	,, ,, ,,
२३. राजस्थानी प्रेम कथाएं—	,, ,, ,,
२४. चंदायन—	श्री रावत सारस्वत

२५. भड्डुली—	श्री अगरचंद नहाटा और म:विनय सागर
२६. जिनहर्ष ग्रंथावली	श्री अगरचंद नाहटा
२७. राजस्थानी हस्त लिखित ग्रंथों का विवरण	,, ,,
२८. दम्पति विनोद	,, ,,
२९. हीयाली–राजस्थान का बुद्धिवर्धक साहित्य	,, ,,
३०. समयसुन्दर रासत्रय	श्री भंवरलाल नाहटा
३१. दुरसा आढा ग्रंथावली	श्री बदरीप्रसाद साकरिया

जैसलमेर ऐतिहासिक साधन संग्रह (संपा० डा० दशरथ शर्मा), ईशरदास ग्रंथावली (संपा० बदरीप्रसाद साकरिया), रामरासो (प्रो० गोवर्द्धन शर्मा), राजस्थानी जैन साहित्य (ले० श्री अगरचंद नाहटा), नागदमण (संपा० बदरीप्रसाद साकरिया) मुहावरा कोश (मुरलीधर व्यास) आदि ग्रंथों का संपादन हो चुका है परन्तु अर्थाभाव के कारण इनका प्रकाशन इस वर्ष नही हो रहा है।

हम आशा करते हैं कि कार्य की महत्ता एवं गुरुता को लक्ष्य में रखते हुए अगले वर्ष इससे भी अधिक सहायता हमें अवश्य प्राप्त हो सकेगी जिससे उपरोक्त संपादित तथा अन्य महत्वपूर्ण ग्रंथों का प्रकाशन संभव हो सकेगा।

इस सहायता के लिये हम भारत सरकार के शिक्षा विकास सचिवालय के आभारी हैं, जिन्होने कृपा करके हमारी योजना को स्वीकृत किया और ग्रान्ट-इन-एड की रकम मंजूर की।

राजस्थान के मुख्य मंत्री माननीय मोहनलालजी सुखाडिया, जो सौभाग्य से शिक्षा मत्री भी है और जो साहित्य की प्रगति एवं पुनरुद्धार के लिये पूर्ण सचेष्ट है, का भी इस सहायता के प्राप्त कराने में पूरा-पूरा योगदान रहा है। अत: हम उनके प्रति अपनी कृतज्ञता सादर प्रगट करते है।

राजस्थान के प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षाध्यक्ष महोदय श्री जगन्नाथसिंहजी मेहता का भी हम आभार प्रगट करते है, जिन्होने अपनी ओर से पूरी-पूरी दिलचस्पी लेकर हमारा उत्साहवर्द्धन किया, जिससे हम इस वृहद् कार्य को सम्पन्न करने में समर्थ हो सके। संस्था उनकी सदैव ऋणी रहेगी।

इन्हीं थोड़े समय में इतने महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों का संपादन करके संस्था के प्रकाशन-कार्य में जो सराहनीय सहयोग दिया है, इसके लिये हम सभी ग्रन्थ सम्पादकों व लेखकों के अत्यन्त आभारी हैं।

अनूप संस्कृत लाइब्रेरी और अभय जैन ग्रन्थालय बीकानेर, स्व० पूर्णचन्द्र नाहर संग्रहालय कलकत्ता, जैन भवन संग्रह कलकत्ता, महावीर तीर्थक्षेत्र अनुसंधान समिति जयपुर, ओरियंटल इन्स्टीट्यूट बड़ोदा, भांडारकर रिसर्च इन्स्टीट्यूट पूना, खरतरगच्छ बृहद् ज्ञान भंडार बीकानेर, एशियाटिक सोसाइटी बंबई, आत्माराम जैन ज्ञानभंडार बड़ोदा, मुनि पुण्यविजयजी, मुनि रमणिक विजयजी, श्री सीताराम लालस, श्री रविशंकर देराश्री, पं० हरिदत्तजी गोविंद व्यास जैसलमेर आदि अनेक संस्थाओं और व्यक्तियों से हस्तलिखित प्रतियां प्राप्त होने से ही उपरोक्त ग्रंथों का संपादन सम्भव हो सका है। अतएव हम इन सबके प्रति आभार प्रदर्शन करना अपना परम कर्त्तव्य समझते हैं।

ऐसे प्राचीन ग्रन्थों का सम्पादन श्रमसाध्य है एवं पर्याप्त समय की अपेक्षा रखता है। हमने अल्प समय में ही इतने ग्रन्थ प्रकाशित करने का प्रयत्न किया इसलिये त्रुटियों का रह जाना स्वाभाविक है। गच्छतः स्खलनंक्वपि भवत्येव प्रमादतः, हसन्ति दुर्जनास्तत्र समादधति साधवः।

आशा है विद्वद्वृन्द हमारे इन प्रकाशनों का अवलोकन करके साहित्य का रसास्वादन करेंगे और अपने सुझावों द्वारा हमें लाभान्वित करेंगे जिससे हम अपने प्रयास को सफल मानकर कृतार्थ हो सकेंगे और पुनः मां भारती के चरण कमलों में विनम्रतापूर्वक अपनी पुष्पांजलि समर्पित करने के हेतु पुनः उपस्थित होने का साहस बटोर सकेंगे।

निवेदक
लालचन्द कोठारी
प्रधान-मन्त्री
सादूल राजस्थानी-इन्स्टीट्यूट
बीकानेर

बीकानेर,
मार्गशीर्ष शुक्ला १५
संवत् २०१७
दिसम्बर ३, १९६०

उपोद्घात

'सदयवत्स वीरप्रबन्ध' का पहला परिचय- प्रस्तुत प्रवंध के अस्तिस्व का पहला उल्लेख करने वाले श्री चीमनलाल दलाल महोदय थे। ई. स. १९१५ (वि. सं. १९७१) में गुजरातके प्रख्यात शहर सूरत में आयोजित की गई (५) पांचवी गुजराती साहित्य परिपद के समक्ष उन्होंने "पट्टण के ग्रंथ भाँडार और उसमें बहुतायत रहा हुआ अपभ्रंश एवं प्राचीन गुजराती साहित्य" ("पाटणना भंडारो अने खास करीने तेमां-रहेलुं अपभ्रंश तथा प्राचीन गुजराती साहित्य") नाम का एक बढ़िया निवन्ध पढ़कर सुनाया था। उसमें एक अ-जिन कवि 'भीम' की रचना (लिपि वि. सं. १४८८) सदयवत्स कहानी का उन्होंने ही सर्वप्रथम निर्देश किया था।

इसके पहले श्री काँटावाला से संपादित 'साहित्य' मासिक पत्रिका के अगस्त ई.स. १९१४ (वि. सं. १९७०) के अंकमें आम्रपद्र (आमोद) जिला भरुच के कायस्थ कवि गणपति की रचना-कृति "माधवानल कामकंदला प्रवंध" (रचनाकाल वि. सं. १५७४) कि,जो २५०० दोहा छंदका काव्य-ग्रंथ था उसके प्रति सवसे पहले श्री दलाल महोदय ने ही पाठकों एवं विद्वानों का ध्यान आकृष्ट किया था।

श्री चीमनलाल दलाल महोदय ने ही पट्टण के ग्रंथागार में से अपभ्रंश एवं प्राचीन गुजराती साहित्य के ग्रंथों का परिचय एक सूचिके रूपमें पहले एकत्र किया था। क्योंकि उनके पहले पट्टण के ग्रंथागार के साहित्यक ग्रंथोंकी सूचि (नोंध) या संकलित यादी तैयार करने के लिये डा० व्युलर, डा० पीटरसन, एवं प्रा० मणिलाल न. द्विवेदी आदि महानुभावोंने प्रयत्न किया था। उनको यहाँके ग्रंथागारके संरक्षकों-का सहकार प्राप्त नहीं हुआ था। किन्तु श्री दलाल महोदय, स्वयं जिन होने के नाते, उन्होंने उन ग्रंथागार के संरक्षकों का सहकार एवं सद्भाव प्राप्त कर लिया था। और अत्यंत परिश्रम करके यहाँ के (पट्टणके ग्रंथा-

सार के) साहित्यिक-रत्न द्वारा उस साहित्य का साहित्य जगत में परिचय दिया। गुदड़ी के लाल की तरह, साहित्य प्रकाश में लाया गया। साहित्य-जगत मे नई रोशनी आई। फलस्वरूप बड़ौदा रियासतकी श्री गायकवाड़ प्राच्य ग्रन्थमाला (G. O. Series) के पहले संपादक एवं तन्त्री-पद पर उनकी नियुक्ति की गई थी।

सम्पादनका श्रेय- यह एक आनन्दजनक एवं आश्चर्यकारक घटना घटी है ऐसा कहने मे संकोच नही होता है। क्योंकि श्री दलाल महोदय ने जिस अ-जैन काव्यग्रथों की सर्व प्रथम उद्घोषणा की थी, वही दोनों ग्रंथो के संपादन करने का सद्‌भाग्य मुझे प्राप्त हुआ है। कौन जानता था कि यह कार्य मुझसे होगा? किन्तु हो गया है। और अब भी हो रहा है। इसमे ईश्वर का कुछ संकेत होगा ऐसा मैं समझता हूं।

ई. स. १९४२ (वि. स. १९९७) में "माधवानल कामकंदला प्रबंध" मूल-मात्र, एवं परिशिष्ट और उपोद्‌घात सहित प्रथम भाग श्री गायकवाड़ प्राच्य ग्रथमाला मे ९३ पुष्प के रूप मे प्रकाशित हुआ है। विस्तृत प्रस्तावना, टिप्पणियाँ, तथा शब्दकोशका दूसरा भाग तैयार होने जा रहा है।

संपादन का इतिहास- प्रस्तुत "सदयवत्स वीर प्रबंध" नामका ग्रंथ का संपादन कार्य करने का निर्णय ई. स. १९३९ (वि. स० १९९५) में किया गया था। उसके बाद अन्य हस्तलिखित पोथियाँ एवं उपयोगी साहित्य की खोज में कुछ वर्ष निकल गये। प्रस्तुत प्रबन्ध का प्रकाशन-कार्य अहमदाबाद की गुजरात विद्यासभा की ओर से होने वाला था। उससे मैंने वहां एक प्रेस-कापी प्रकाशन के लिये भेज दी। वहां के 'नवजीवन' छापखाने से ई. स. १९५० (वि. सं. २००६) के आसपास के समय में देवनागरी लिपि में प्रकाशित हुई कुछ गलतियां वाली प्रूफ-प्रतियाँ प्राप्त हुई। मैंने इन गलतियो की दुरुस्ती करने की प्रार्थना की। किंतु वहाँ के कार्यवाहकों को गलतियाँ दुरुस्त करने के लिये सुविधा नहीं होने के नाते, कुछ कठिनाई देखकर उस कार्य को आगे

बढ़ाने में अनिच्छा व्यक्त की। छापखानेवालों ने यह सिरपच्ची वाला साहित्य विद्यासभा की ओर वापस भेज दिया। और विद्यासभा ने मुझे वापस लौटा दिया। और इस तरह यह प्रकाशनका कार्य यकायक रुक गया।

श्री नाहटाजीकी प्रेरणा- श्री अगरचन्द नाहटाजी महोदयने उनके "राजस्थान भारती" नामके मासिक-पत्रिका के अंक मे सन् १९५८ में प्रकाशित एक विस्तृत लेख मे 'उस प्रबन्ध का प्रकाशन होने वाला है," ऐसा नोंट के रूप में उल्लेख किया था। बाद में (वि. स. २०१६) ई. सं. १९६० के सितम्बर मास मे श्री नाहटाजी महोदयने, प्रस्तुत प्रबन्धकों श्री सादूल राजस्थानी रिसर्च इन्स्टीटयूट बीकानेर ग्रंथमालामें प्रकट करनेकी, संस्था के सेक्रेटरी (मंत्री) के नाते, मुझे सूचन किया, प्रार्थना की। मैंने धन्यवादके साथ उनकी प्रार्थनाको सहर्ष स्वीकार किया। इस तरह प्रस्तुत प्रबंधके प्रकाशन-कार्य की कहानी या पूर्व इतिहास अब पूर्ण होता है।

आभार दर्शन- इस उपयोगी साहित्य रचनाकृति को प्रकाशमें लाने की सुविधा एवं सहायता देने के लिये, तथा तत्संबंधी अनेक हस्त-लिखित प्रतियां एवं अन्य सामग्री भेजकर रचनाकृतिके संपादन, संशोधन एवं प्रकाशन आदि कार्यों में जो सहायता प्रदान की है, इसके लिये मैं श्री नाहटाजी महोदय को धन्यवाद के साथ उनका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

उस संपादन की प्रस्तावना लिखने में उपरिनिर्दिष्ट श्री नाहटा जी महोदय का "राजस्थान भारती" में प्रकाशित "सदयवत्स सावलिंगा की प्रेमकथा" नामके अत्यन्त अभ्यासपूर्ण एवं विद्वत्तापूर्ण लेख का काफी उपयोग भी किया है। उसके लिये भी मुझे उनका ऋण-स्वीकार करते हुये अत्यन्त हर्ष होता हैं।

प्रस्तुत ग्रंथमें मैंने संशोधित की हुई एवं अन्य सब गुजराती सामग्री का हिंदी में अनुवाद करने वाले मेरे स्नेही एवं साहित्यक-शिष्य श्री चन्द्रकान्त बापालाल पटेल (साहित्यरत्न-प्रयाग) जी को मैं धन्यवाद देता हूं।

इस प्रबन्ध के सम्पादन में मेरे मित्र पंडित श्री लालचन्द्र भगवान दास गांधीजी ने पाठ निर्णय और टिप्पणी में हृदयपूर्वक सहायता की है इसलिए मैं अत्यन्त उपकृत हूं।

फोटोग्राफ- 'प्रबन्ध' और 'चउपाई' की प्राचीन प्रतियों के आदि एवं अंतभागके फोटोग्राफ (चित्र-पत्री) भी दिये हैं। जो प्रतियां बड़ौदा प्राच्यविद्यामंदिर के नियामक श्री डा० भोगीलाल जी साडेसरा के सौजन्य से प्राप्त हुई हैं। जिनसे लिपियों के प्रकारान्तरका परिचय भी होगा। और सुविधा रहेगी।

टिप्पणीमें कई अपभ्रंश शब्दोंकी व्युत्पत्ति दी गई है जिससे इनका यथार्थ बोध होने में सुविधा रहेगी।

प्रबन्ध में से एक दिलचस्प प्रसङ्ग का चित्र की प्रतिकृति एक सचित्र प्रति में से दी गई है।

"चैतन्यधाम" ३४ प्रतापगंज
बड़ौदा २
(गुजरात राज्य)

मंजुलाल मजमुदार

प्रस्तावना

प्रबन्ध का स्वरूप- वीररस प्रधान एवं ओजपूर्ण शैलीवाला काव्य 'प्रबंध काव्य' कहा जाता है। गद्य या पद्य दोनों में की हुई सार्थक रचना का नाम है 'प्रबंध' (मणिलाल बकोरभाई व्यास का संपादित "विमल प्रबंध", प्रस्तावना पृ० ६२) ई. स. १००० से १५०० तक रचे गये ऐतिहासिक काव्योंके नाम, खास करके 'प्रबंध' रखे गये हैं। जैसेकि कुमारपाल प्रबन्ध, भोजप्रबन्ध, चतुर्विंशति प्रबन्ध, प्रबन्ध चिंतामणि, प्रबंध श्रेणि, जैसे संस्कृत गद्यपद्यात्मक ग्रंथों में एक या अनेक वीरव्यक्तियों के चरित्रों का बयान किया गया है। इन प्रबंधों में संबंधित व्यक्तियों में विमल मंत्री जैसे युद्धवीर तथा धर्मवीर भी हैं, एवं जगड् जैसे दानवीर, और विक्रम जैसे युद्धवीर, और सदयवत्स या पृथ्वीराज जसे शृंगारवीर भी उल्लेखनीय हैं। यों प्रबंध खास करके ऐतिहासिक व्यक्तियोंके चरित्र-निरूपण के ही काव्य है।

वीररस का आलंबन- रसशास्त्रका एक सिद्धांत है कि उत्तम प्रकृति के नायकों का ही वीररसमें बयान करना चाहिये। क्योंकि वीरत्व उत्तम पुरुषों में ही होता है। वीररस का स्थायीभाव उत्साह है। उत्साह का राजस गुण किसी भी कार्य में वीर को प्रवृत्त करता है। क्योंकि उस कार्य में उसको विजय प्राप्त करना है। वीर का उत्साह यूं पाँच प्रकार का हो सकता है। जैसे कि युद्ध करने का उत्साह, धर्म करने का उत्साह, दान करने का उत्साह, दया करने का उत्साह, तथा प्रेम करने का उत्साह।

महाभारत के पात्रों में अर्जुन युद्धवीर, हैं युधिष्ठिर महाराज धर्मवीर हैं। कर्ण दानवीर हैं। शिविराज दयावीर हैं। भगवान कृष्णचंद शृंगारवीर के रूप में विख्यात हैं ही। यदि कोई कहेंगे कि क्षमावीर, सत्यवीर, लज्जावीर, नीतिवीर, धृतिवीर जैसे भेद क्यों न हो सके? वीरके

अनेक भेद और केवल पांच ही भेद क्यों कहे गये ? इसका समाधान इस प्रकार हो सकता है कि इनका अन्तर्भाव इनमें हो जाता है । तथा सत्य आदि का संनिहित धर्म में ।

अंग्रेजी वीरपूजा की भावना- कार्लाइल के 'वीर और वीरपूजा' (Hero & Hero worship) नामक पुस्तक में जीवन के विविध क्षेत्रों में वीरता दिखाने वाले वीरों का पूजन करना उचित है ऐसा प्रतिपादित किया गया है। इसमें वीरता को व्यापक अर्थ मे सूचित किया गया है ।

कवि, धर्मगुरु, वैद, व्यापारी, सैनिक प्रत्येक के क्षेत्र मे हरेक को वीरता दिखलानेका पूर्ण अवकाश रहता है । और वीरता दिखलानेवाले सच्चे वीर कहलाने के योग्य है । उपर्युक्त दिखाये गये पांच प्रकार के भेद मे इसका भी अंर्तभाव हो जाता है ।

वीररस के अन्य पद्यस्वरूप- वीरोके चरित्र 'प्रबन्ध' रूपमें 'पवाडा' रूप में, श्लोक (सलोका) रूप मे, या 'रासा'के रूपमें वीररसके लिये उचित ऐसे 'छद' मे रचे जाते है। और रचे भी गये है । जिसके दृष्टांत ऊपर दिये गये है । सामान्य मनुष्यों के चरित्र कभी काव्य द्वारा बिरदाने के योग्य होते नहीं है, या ऐसे साधारण मनुष्यो के चरित्र काव्य में वर्णित किये नहीं जाते है, या योग्य भी नही होते । इसलिये गुजराती एवं राजस्थानी पद्य-साहित्य में खास तौर पर चरित्र, प्रबन्ध, पवाडो, रासो तथा छंद, एवं शलोका, ये सर्व शब्द करीब पर्याय रूप में प्रयुक्त किये गये शब्द न हों, ऐसा समझने का मन होता है ।*

---

* कान्हडदे प्रबंध की कुछ प्रतियों में उसका शीर्षक कान्हड चरिय, कान्हडदेनी चुपइ, कान्हड देनउ पवाडउ, और श्री कान्हडदे रास-ऐसा भी उल्लेख मिलता है-देखिये प्रा० कान्तिलाल व्यास, श्री सिंघी ग्रंथमाला अंग्रेजी प्रास्तावना, पृ० २० की पादनोंट ।

वीरगाथा काल- वीरगाथा काल के राजाश्रित कवियों एवं भाट चारणोंने अपने आश्रयदाता राजाओं के शौर्य पराक्रम एवं प्रभाव आदि के वर्णन अपनी ओजपूर्ण सनकदार वानी में काव्यों में किये है। ये लोग कभी कभी रणक्षेत्र में जाते थे, तलवार भी चलाते थे। और अपनी वीर वानी से सैन्य में शौर्य का संचार करते थे। खुद भी युद्ध में प्राणार्पण कर देते थे। ऐसी रचनाओं की पीढ़ीगत रक्षा भी की जाती थी एवं वृद्धि भी।

हमे वीरगाथायें दो रूप में मिलतीं हैं। (१) मुक्तक रूप में, और (२) प्रबंध में। जिस तरह युरुप में वीरगाथाओं के विषय (Age of Chivalry) युद्ध एवं प्रेम थे, वैसे भारत के साहित्य में भी हुआ है। किसी राज्य की स्वरूपवती राजकन्या का समाचार सुनकर अपने लश्कर के साथ उस राज्य पर धावा करके उसकी राजकन्या छीन ली जाती या अपहृत की जाती थी। इसमें वीरों का वीरत्व,गौरव, शौर्य,अभिमान, वल, प्रभाव, आदि माना जाता था। इस तरह प्रवन्ध काव्यों में वीररस के साथ शृंगार रस का भी मिश्रण होता था, हुआ है।

वीररस के मुक्तक- वीररस के प्राचीन मुक्तकों का संग्रह मुनि श्री हेमचन्द्राचार्य के 'प्राकृत व्याकरण' ग्रंथ में दृष्टान्त के रूप में प्राप्त होता है। इसके सिवा भी प्रबंध काव्य एवं वीरगीतों के स्वरूप में रचना हुई है।

रासा साहित्य- गुजराती के रासा युग के समसामायिक काल को हिंदी साहित्य में "वीरगाथा काल" नाम दिया गया है। इस काल में 'खुमान रासो' 'विशालदेव रासो' 'पृथ्वीराज रासो' 'हम्मीर रासो' 'जगनिक का आल्हाखंड' आदि रचना हुई है।

गुजराती म वि. सं. १३७१ के आसपास श्री अंवदेव सूरि रचित "समरारासु" में पट्टण के समरसिह नामक एक ओसवाल वणिक वनिया ने संघ (यात्रा) निकाल के शत्रुंजय पहाड़ पर श्री ऋषभदेव के मन्दिर का जीर्णोद्धार किया। और घर लौट आया उसकी प्रावस या तीर्थ-

यात्रा आदि का वर्णन आता है । इसमें समरसिंह स्वयं दानवीर एवं धर्मवीर भी दिखाई देता है ।

श्री कक्कसूरि के वि. सं १३९३ में संस्कृतमें रचित ग्रंथ 'नाभि-नंदन जिनोद्धार प्रबन्ध' में भी इसका वर्णन है । श्री आम्रदेवसूरि इस यात्रा में सम्मिलित थे । ऐसा उसमें उल्लेख है ।

गुजराती प्रबन्ध साहित्य- 'विसलनगरना नागरज्ञाति' पद्मनाभने वि. सं १५१२ मे 'कान्हडदे प्रबंध'की रचना की है। यह कृति सुपरिचित तथा सुविदित हो गई है। वि. सं १५६८ में श्री लावण्यसमयने 'विमल प्रबन्ध' की रचना की है यह भी प्रसिद्ध है। कायस्थ कवि गणपति ने 'माधवानल कामकंदला प्रबन्ध' की रचना वि. सं १५७४ मे आम्रपद्र, आमोद जिला भडोच में की है।

शील से शोभित नायक नायिका का शृंगार इसका वर्ण्य विषय है। इसमें माधव चारित्र्य-शुद्ध शृंगारवीर है। कामकदला अभिजात गणिका-पुत्री है। और वह मृच्छकटिक की पात्र वसंतसेना का स्मरण कराती है। इसीलिये उनका मिलन साहसवीर तथा परदुःखभंजन ऐसे राजन विक्रम द्वारा होता है। इस प्रबन्ध में विप्रलंभ तथा रतिक्रीडा यों दोनों प्रकार के शृंगार रसप्रद वाणी मे वर्णित किया गया है। फिर भी इसमें कविने शीलका, चारित्र्यका, माहात्म्य अधिक भावपूर्वक स्थापित किया है।

वैष्णव कवि श्री गोपालदासने "श्री वल्लभाख्यान" श्री वल्लभाचार्य (जीवनकाल वि. सं. १५२९-१५८७) तथा श्री विट्ठलनाथजी (जीवन-काल वि. सं. १५७२ से १६४२ में) धर्मवीर ऐसे गोस्वामी श्री विट्ठल नाथजी की प्रशस्ति की, प्रबन्ध-रूप में नौ गेय पद्यों में रचना की है।

संस्कृत गद्य कथा- श्री रत्नशेखर के शिष्य श्री हर्षवर्धन-गणिने वि. सं. १५२७ मे "सदयवत्स कथा" संस्कृत गद्य में रची है। वह शायद एक जैनेत्तर कवि भीम ने रचित "सदयवत्स वीर प्रबंध" की वि. सं १४८८ में श्री पट्टन में लिखी गयी प्राचीनतम प्रतिकृति प्राप्त हुई है। इस विनासे इस कृतिकी रचना के संभव में

सकता है कि भीम की रचना अनुमानतः वि. सं. १४६६ में हुई होगी, ऐसा कुछ लोगों ने अनुमान किया है। दूसरी प्रति वि. सं. १५९० में एवं तीसरी प्रति वि. सं. १६६२ की प्राप्त है। इस परसे कहा जा सकता है कि सदयवत्स और सावलिंगा की प्रेम कथा का यह सबसे प्राचीन एवं उपलब्ध संस्करण है।

श्री चीमनलाल दलाल महोदय ने जिस प्रति की जांच की थी उसमें पद्य-संख्या ६७२ थी। दूसरी प्रति में ६८९ पद्य-संख्या है। किंतु सर्व प्रतियां का मिलान करनेके वाद,प्रवन्ध की ७३० जितनी कड़िया प्राप्त हुई हैं।

संस्कृत कथानक भीम के प्रवन्ध का मुख्यतः अनुसरण करता है। किंतु उसमें जिनधर्म की महिमा का गुथन करलेनेकी तक श्री हर्षवर्धन-ने छोड़ दी नहीं है। इन प्रसंगों का उल्लेख कथा-सार देते समय कौंस या कोष्टक में सूचित किया जायेगा। खरतर गच्छ के यति श्री कीर्ति-वर्धन ने इस कथानक में जिनमत का कुछ भी प्रचार नही किया है।

कथानक का मूल- 'कथा सरित् सागर' जो कि लोककथाओंके महासागर स्वरूप गिना जाता है। उसमें भी 'सदयवत्स कथा' का पता चलता नही है। फिर भी उज्जयिनी, हरसिद्धिमाना, प्रतिष्ठान नगर, शालिवाहन, वावनवीर, और खापरा चोर इत्यादि उल्लेखों से और सदयवत्स के अद्भुत वीरता-भरे वर्णनों से या गाथाओंसे इस लोक-कथा की उत्पत्ति का सम्वन्ध 'विक्रम कथा-चक्र' के साथ होना अनुमान किया जा सकता है।

---

* संस्कृत में 'सदयवत्स', प्राकृत में 'सुदयवच्छ' 'सुद्धवच्छ' एवं सुद्द, गुजरातीमें 'सदयवच्छ' और 'सदेवंत' इस तरह राजस्थानी-मारवाडी में 'सूदों', एवं 'सदेवछ' शब्द हैं। इससे ज्ञात होता है कि ये सर्व शब्द कथानक से सम्बन्ध रखने वाले है। कथानक के निकटवर्ती शब्द हैं।

सावलिंगा का निर्देश कही कहीं सावलिंगी के रूप में भी प्राप्त है।

प्राचीन उल्लेख पद्मावतमें- सदयवत्स कथा के विषय में दो प्राचीन उल्लेख प्राप्त होते है। (१) मलिक मुहम्मद जायसीकृत रचना पद्मावत मे इस कथानक का उल्लेख उसने किया है। और श्री सुधाकर द्विवेदी वाला जो संस्करण है उसमे यही पाठ है।

(२) शिरफ ने जायसीकृत 'पद्मावत' के अपने अंग्रेजी अनुवाद में पृ० १४४ की पादटिप्पणी मे भी 'सदयवत्स' पाठ का उल्लेख किया है।

अपभ्रंशमें उल्लेख- एक दूसरा उल्लेख भी प्राचीन समय का प्राप्त होता है, जो अब्दुल रहेमानके अपभ्रंश काव्य 'संदेश रासक'में है। जिसका रचनाकाल वि. सं. १४०० के आसपास है। उसने मुलताननगर का वर्णन किया है। उसमे वहां के विचक्षण नागरिकों की साहित्यक विनोद की चर्चा के प्रसंग मे उन्होने लिखा है कि मुलताननगर के सर्व नागरिक पंडित थे। ये विचक्षणो के साथ नगर मे परिभ्रमण करते समय कही कही प्राकृत के मनोरम्य छंद के आलाप सुनने मे आते थे। तो कही भेप परिवर्तन करने वाले लोग (वहुरूपी) 'रासक' करते देखने को मिलते थे; तो कही वेद, सदयवत्स कथा, नल चरित्र, महाभारत एवं रामायण (रामचरित) सुनने में आते थे।*

---

*देखिये, मूल अपभ्रंश रचना की संस्कृत टिप्पणी--

"यदि विचक्षणैः सह पुरान्तः परिभ्रम्यते तदा मनोहरं छंदसा मधुरं प्राकृतं श्रूयते।

कुत्रापि चतुर्वेदिभिः वेदः प्रकाश्यते।

कुत्रापि वहुरूपिभिर्निवचा रासको भाष्यते ॥४५॥

कुत्रापि सुदयवच्छ कथा, कुत्रापि नलचरितम्।

कुत्रापि विविध विनोदैः भारतं उच्चरितं श्रूयते ॥

अन्यच्च कुत्रापि कुत्रापि आशिष त्यागिभिर्द्विजवरैः

रामायणमभिनूयते ॥४४॥

यहां नलचरित्र, महाभारत एवं रामायण के साथ 'सदयवत्सकथा' का उल्लेख प्राप्त होने से ज्ञात होता है कि उस समय यह कथा उन ग्रंथों की तरह ही लोकप्रिय एवं प्रसिद्ध होगी ।

प्रान्त प्रान्तमें प्रचार- जायसी के पद्मावत में इस कथा का उल्लेख है इससे ज्ञात होता है कि उस कथानक की प्रसिद्धि उत्तर प्रदेश में भी इसी रूप में होगी । यह बात स्पष्ट नजर में आ जाती है ।

अब्दुल रहेमान के इस का इस रूप में उल्लेख, वास्तव में पंजाबकी ओर इस कथा के प्रचार का द्योतक है । राजपुतानी (राजस्थान) एवं गुजरात मे भी इस कथानक का बहुत प्रचार रहा है । यह बात भी उस सपादित संशोधित एवं प्रकाशित ग्रंथ से ज्ञात होगी ।

विक्रम कथाचक्र से सम्बन्ध- जिन कवि के संस्कृत कथानक में जिनाचार्य कालक के साथ उसका सम्बन्ध जुटाया है । एव कथा में उज्जयिनी, हरसिद्धिमाता (देवी), प्रतिष्ठाननगर एवं शालिवाहन राजा बावन वीर, और खापरा चोर आदि के उल्लेख किये है। और इस प्रकार से विक्रमकथाओं के वार्ताचक्र (कथा चक्र) के साथ उसका सम्बन्ध व्यंजित किया है ।

प्रबन्धके रचयिता कविका परिचय- कवि ने प्रबन्ध में अपने निर्देश के अतिरिक्त अन्य कोई भी परिचय नहीं दिया है । नामका निर्देश निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में मिल जाता है, जो यहां उद्धृत किया गया हैं ।

"इम भणइ भीम तस गुण थुणिसु,
जो हरिसिद्धि-वर-लवध ।"

नाम का निर्देश प्राप्त होता हैं । किंतु कवि ने अपनी जाति ज्ञाति एवं जन्मस्थल या निवासस्थान के बारे में कुछ भी उल्लेख नहीं किया है । साथ साथ प्रबन्धके रचना-कालका भी किंतु उनके प्रबन्धकी प्राचीन-

तम प्रतिहारी भी पाटन में वि. सं. १४८८ की लिखी हुई प्राप्त हुई है। (निरुद्ध्रान मन: प्रमोदाय) इससे काफी अनुमान किया जा सकता है कि यह रचना विक्रम की १५ वी सदी के उत्तरार्ध से अर्वाचीन नहीं है।

कविका निवास स्थान कविने अपने निवास स्थानके बारेमें कुछ भी संकेत नहीं किया है। किन्तु कविका निवास स्थान गुर्जर भूमि हो ऐसा प्रतीत होता है। क्योंकि जब रानी सेना के स्वामिकी चिकित्सा केवल गुर्जर वैद्यराज से ही हो सकती थी। और इसने गुर्जर वैद्यकी कवि भीम ने काफी प्रशंसा भी की है।

प्राचीन काल की गुर्जर भूमि का विस्तार भी गूर्जर प्रतिहार राजाओं के साम्राज्य विस्तार के साथ साथ हुआ है। जिस राज्य में सौराष्ट्र, आनर्त, एव समस्त राजस्थान का भी सन्निवेश होता था ; और इसकी व्यापक लोक भाषायें भी समान थी।

कवि की ज्ञाति- कवि का ब्राह्मण होना सम्भव है। क्योंकि उसने गणेश, शंकर, एवं हरसिद्धि माता परमेश्वरीका उल्लेख किया है। साथ साथ कैलाशपति भगवान शंकर के प्रासाद का सुन्दर बयान दिया है। (दे०कडी २१७,१८,१९)। प्रतिष्ठान नगर वर्णनके प्रसङ्गमें विक्रम, त्रिविक्रम, विष्णु एवं सूर्य का भी उल्लेख है। सावलिगा के अग्निप्रवेश की पूर्व तैयारी के रूप में जो प्रार्थना दी है इससे भी पता चलता है। जैसे कि 'करउ साखि त्रिकम ने तरणी' कडी (५९९)।

कवि रामायण एवं महाभारत से भी विशिष्ट रीति से परिचित थे ऐसा जान पड़ता है। कुछ छंद एवं काव्य पद्धतियां के द्वारा इसका पता चलता हैं। सदयवत्स के गुण एवं कार्यों की प्रशंसावली के अनुसंधान मे नल, कंदर्प, युधिष्ठिर, गांगेय भीष्म पितामह, भीमसेन, कर्ण एवं दुर्योधन जैसोके उपमान भी कविने दिये है।(दे० छप्पय कडी २८७)कविके जमाने मे जिनधर्म एवं जीवदया अहिंसाका भी काफी प्रचार था। इसके द्योतक निम्नलिखित काव्य-पंक्तियां हैं। इससे पता चलता है। जैसे कि 'जिन शासन गाढउ गहगहइ। जीवदया देखी मन रहइ ॥'(दे कडी ४५१,४५२)

प्रबंध की भाषा- प्रस्तुत प्रबन्ध की भाषा किसी भी जिनेत्तर गुजराती ग्रंथ की भाषा से प्राचीन जान पड़ती है। प्राकृत एवं अपभ्रंश के शब्द और प्रयोगों के रूप में उसमें इतनी सामग्रियां भरी पड़ी हैं कि न पूछो बात। यदि प्रारम्भ के मंगलाचरण में कवि ने गणपति का नाम-स्मरण न किया होता तो इसकी गणना किसी जिन कवि की कृति के रूप में गिना जाने का सम्भव था। डा० टेसिटोरीने जूनी पश्चिम राज-स्थानी का नामाभिधान जिस भाषा-स्वरूप को दिया है। और गुजराती विद्वान महाशयोंने 'अंतीम अपभ्रंश' और 'जूनी गुजराती', ऐसे शब्दों से उसका व्यवहार किया है। उसी समयकी भाषा 'सदयवत्स वीर प्रबन्ध'में प्रतीत होती है। वास्तव में वि. सं. १४८८ की प्रति की उपलब्धि से भाषा के प्राचीन स्वरूप की रक्षा हुई है। और इसमें कुछ परिवर्तन एवं आधुनिकरण नहीं हुआ है।

सरस या सुन्दर रचना -कवि इस प्रबन्धके प्रारम्भ में 'सरस' 'सुअर्थ' एवं सुच्छंद प्रबन्ध के रचयिता सर्व कोई प्रौढ़ एवं लघु छोटे बड़े ऐसे कविजनों को नमस्कार करते हैं। इससे अनुमान किया जा सकता है कि कवि ने किसी प्राकृत किंवा प्राकृत अपभ्रंश ग्रन्थों में से इस प्रबंध के विषय में प्रेरणा प्राप्त की होगी जिसका निर्देश हमें निम्नलिखित काव्य पंक्तियों से मिलता है। जैसे कि "गुरु लहुय जि कवि कवियण, सरस सुअत्थ सुछंद बंधयरा।" कवि के पुरोगामी काल में ऐसी प्रबन्ध रचना होना भी शायद सम्भव हो। फिर भी अद्य-यावत्प्राप्त जिनेत्तर रचनाओं में कवि भीम की रचना सबसे प्राचीन है-ऐसा कहने में संकोच नहीं है।

भीम कवि की रचना एवं काल-समय- सदयवत्स चरित्र कथानक के सम्बन्ध में उपलब्ध साहित्य से निर्णय किया जाता है कि उन रचनाओं का प्रारम्भ वि. की १५ वीं शती से होता है। प्राचीन गुजराती भाषा में रचित भीम कवि की रचना 'सदयवत्स वीर प्रबन्ध' ग्रंथ उपलब्ध रचनाओं में सबसे प्राचीन है। इसकी प्राचीनतम प्रतिकृति

वि. सं. १४८८ की प्राप्त हुई है। इससे अनुमान किया गया है कि यह रचना विक्रम २० वीं [illegible] पहले की होना स्पष्ट है। क्योंकि इसकी रचना वि. सं. १४६६ की है। ऐसा निर्देश कई विद्वानों ने किया होगा। [illegible] में कवि का व्यक्ति बारे में कहीं भी स्पष्ट उल्लेख प्राप्त नहीं होता।

प्रबन्ध के छंद- कवि ने सम्पूर्ण प्रबन्ध में दूहा, दूहा-सोरठा, पद्धडी, चउपई, अडयल्ल, वस्तु, छप्पय, कुंडलिया, चामर एवं मौक्तिकदाम इन मात्रामेल छंद एवं एकतारी केदारराग, और राउल धनाश्री, जैसे गेय काव्य-छंद प्रयुक्त किये हैं। अतएव ७३० कड़ियों में वह कृति प्रसादयुक्त एवं वैविध्यपूर्ण और सुन्दर बन पाई है।

वस्तुछंद 'पिंगलसारोद्धार' के नियमानुसार, १२५ मात्राओंका नवपदी छंद है। पहले तीसरे और पांचवें पदमें १५ मात्रायें, दूसरे एवं चौथे पद में ११ मात्रायें. और अंत्यके चार पदों से दूहा बनता है।

पद्धडी पद्धडिका और पाधडी छंद कडवक के अंत में अपभ्रंश काव्यों में प्रयुक्त होता है।

आचार्य हेमचंद्र जी ने 'छंदानुशासन' में 'चौः पद्धटिका' चार चगणों से पद्धडिका छंद बनता है ऐसा लक्षण दिया है। चार मात्रा के गणकी चगण संज्ञा है। एवं १६ मात्रा का एक पाद, इस तरह के चार पाद पद्धडिका छंद में रहते हैं। इसमें उसका नाम चतुष्पदी भी है।

प्रबन्ध में रस- कवि ने इसमें नौ ९ रस होने का उल्लेख किया है, किंतु प्रधानतया वीर एवं अद्‌भुत रसका संचार अधिक है। शृंगार रस उसमें गौण रूप में पाया जाता है। 'सदयवत्स वीर प्रबन्ध' नाम की गुजराती कवि की रचना प्रायः वीर रस से ही प्रेरित हैं।

गुजराती रूपान्तर-उज्जयिनी के राजा प्रभुवत्स के महालक्ष्मी रानी से सदयवत्स नामक पुत्र हुआ। उसे द्यूत का कुव्यसन लगा हुआ था। प्रतिष्ठानपुर के राजा शालिवाहन के सावलिंगा नामक पुत्री थी। उसके स्वयंवर में जाने के लिये आमंत्रण मिलने पर राजा प्रभुवत्स ने मंत्री के साथ सदयवत्स को प्रतिष्ठानपुर भेजा। मंत्री कृपण होने से कुमार को खर्च के लिये आवश्यक द्रव्य नहीं देता था। स्वयंवर में सदयवत्स ने अपने गुण एवं कला से आकर्षित कर सावलिंगा से विवाह कर लिया।

उज्जयिनी में महादेव नामक एक दरिद्र ज्योतिषी रहता था। स्त्री की प्रेरणा से एक दिन वह राजा प्रभुवत्स की सभा में उपस्थित हुआ। राजा ने उसका परिचय पूछा उसने कहा कि मैं ज्योतिष के बल से भूत, भविष्यत् और वर्तमान के शुभाशुभ को जानता हूं। राजा ने उसके इस अभिमान से क्रुद्ध हो परीक्षार्थ अपने निकटवर्ती जयमंगल हाथी का आयुष्य पूछा। ज्योतिषी ने कहा यह कल दोपहरको मर जायगा। राजा ने क्रोधित होकर उसे कैद कर लिया और नौकरों को जयमंगल हाथी की विशेष रक्षा करने की आज्ञा दे दी। लोक ज्योतिषी की अवज्ञा करते हुये कहने लगे, देखो इस ज्योतिषी ने हाथी का मरण तो जान लिया पर अपने बंदीखाने में पड़ने की बात को नहीं जानी।

इधर वैद्यों की देखरेख में जयमंगल की विशेष सुरक्षा की व्यवस्था हो चुकी थी। पर भवितव्यतावश दूसरे दिन दोपहर के समय हाथी मदोन्मत्त हो भाग निकला और बाजार में उपद्रव मचाने लगा। इसी समय एक सगर्भा ब्राह्मणी के अधरणी उत्सव का वरघोडा उसके पीहर से ससुराल जा रहा था, वहाँ वह हस्ति आ पहुंचा। उत्सव में सम्मिलित लोग भाग खड़े हुये, पर ब्राह्मणी गर्भभार के कारण भाग न सकी। अतः हाथी ने उसे पकड़ ली। यह देखकर उसके पति ने चिल्लाते हुये उसकी रक्षा करनेवाले को हार आदि देने की उद्घोषणा की। सदयवत्स की दृष्टि भी उस ओर पड़ी और उसने हाथी को मारकर ब्राह्मणी की रक्षा की। इससे प्रसन्न हो प्रभुवत्स राजा ने कुमार को युवराज-पद देने का

निश्चय किया। स्वयंवर में साथ जाने वाले मंत्री ने कुमार को युवराज-पद मिलता देख विचार किया कि मैंने इसे आवश्यक द्रव्य व्यय के लिये नही दिया था संभव है वह उस वैर का बदला मुझ से ले। अतः इसे युवराज-पद नहीं मिले ऐसा सोच राजा को उल्टी मंत्रणा दी कि कुमार ने एक साधारण स्त्री की रक्षा करने के लिये "जयमंगल"-जैसे राजमान्य हाथी को मार डाला यह उचित नहीं किया। राजा को मंत्री की बात जँच गई उसने कुमार के कार्य को अनुचित समझ कर उसे राज्य छोड़कर चले जाने की आज्ञा दे दी।

कुमार ने भी अपमान होने से अब वहाँ रहना उचित नही समझा और जाने की तैयारी कर ली। माता ने समझाया पर उसने नही माना। सावलिंगा भी उसके साथ हो गई। चलते चलते वे एक वन में आ पहुंचे वहां सावलिगा को जोरों से प्यास लगी। कुमार पानी की खोज में इधर उधर घूमते हुए एक प्रपा पर नजर आई। पानी लेनेके लिये पास पहुंचने प्रपालिका वृद्धा ने कहा यह हरसिद्धि माता की प्रपा है। जितना पानी लोगे उतना ही खून देने की शर्त से ही जल ले सकते हो। कुमार ने सावलिंगा के प्रेमवश यह शर्त स्वीकार कर, पानी ले जा कर, सावलिंगा को पिलाया। वृद्धा भी साथ गई और खून माँगा। कुमार शिरच्छेद करने को उद्यत हुआ। इससे देवी ने प्रसन्न हो वर माँगने को कहते हुए कहा- कि मैंने ही तुम्हारी परीक्षा लेने के लिये जंगल की रचना की है। और मैं उज्जैन एवं प्रतिष्ठान नगर की कुलदेवी हूं। कुमार ने संग्राम एवं युद्ध में जय होने का वरदान माँगा।

देवी ने सारियों के द्यूत में जय होने के लिये दो पासे, कपर्दक द्यूत में जय होने के लिये कपर्दिकायें, और संग्राम में जय होने के लिये लोहछुरिका दी। आगे चलते हुए स्त्रियों के समूह के बीच में एक कुमारिका को ध्यान करते हुए देखकर सावलिंगा ने उसके पास जाकर वृत्तान्त पूछा। कुमारिका ने कहा यहाँ से ५ कोस पर स्थित धारावती-नगरीके राजा धारवीरकी स्त्री धारिणीकी मै लीलावती नामक पुत्री हूं।

वन्दीजनों के मुख से सदयवत्स का गुण श्रवण कर उसे पाने के लिये इस कामितप्रद तीर्थ में ६ महीने से ध्यान कर रही हूं। सदयवत्स के न मिलने पर कल चिता में जल मरूंगी। सार्वलिगा ने यह वृतांत सदयवत्स को कहा। कुमार सबके साथ नगरी में आया और लीलावती से विवाह कर उसकी इच्छा पूर्ण की।

[इसी समय धर्मघोष नामक जैनाचार्य वहां पधारे और "थोड़ा बहुत भी धर्म जरूर ही करना चाहिये" ऐसा उपदेश देते हुये मृगांक की कथा कह सुनाई। सदयवत्स ने उसे सुनकर श्रावक धर्म स्वीकार किया।]

लीलावती को पितृगृह में रखकर सार्वलिगा के साथ कुमार आगे चला। रास्ते में एक पर्वत पर शिला से ढकी हुई गुफा देखी, दोनों ने कौतूहलवश भीतर प्रवेश किया तो उसमें ५ चोर बैठे देखे। चोरो ने सदयवत्स को अकेला देख उसे मारकर सार्वलिगा को ग्रहण कर लेने का विचार किया। उन्होंने द्यूत रमने के लिये सदयवत्स का आव्हान किया और जो हारे उसे मस्तक देना पड़े यह शर्त रखी गई। देवीके वरदानसे सदयवत्स जीता पर सज्जनतासे उसका शिर छेदन नही किया। इससे चोर प्रभावित हुए। और अदृष्टांजन, संजीवनी, रससिद्धि आदि विद्यायें देने को कहा पर कुमारने उन्हें नहीं लिया। फिर भी एक चोर ने गुप्तरूप से कुमार के उत्तरीय वस्त्र के छोर से पद्मिनिपत्र वेष्टित लक्ष मूल्य का कंचुक बांध दिया। चोरों ने यह भी कहा कि कभी आप संकट में पड़ जायें तो हमें स्मरण करते ही हम आकर आपकी सहाय करेंगे।

कुमार आगे चलते हुए एक निर्जन नगर में पहुंचा। राजभवन के समीप आने पर एक स्त्री का रोना सुन कर उसके पास जाके रोने का कारण पूछा। उसने कहा मै नंद राजा की लक्ष्मी हूं, अनाथ होने से रो रही हूं, तुम मेरे स्वामी बन जाओ।

[नगर का निर्जन होने का कारण पूछने पर लक्ष्मी ने कहा कि इस

श्रीपुर नगर में एक तापस आया था। वह अज्ञानी था। लोगों पर प्रभाव जमाने के लिये उसी तापस ने [illegible] पर [illegible] झूठा [illegible] का ढोंग रच्खा था। एक बार नगरी की रक्षा में उसका [illegible] किया, इससे उसने राजा के [illegible] परिचय की। [illegible] वह ढोंगी बन गया राजा ने उसकी परीक्षा के लिये उसे महल में आकर रानी के संबंध में अधिक [illegible] आंख [illegible] थी। रानी को देख कर वह कामातुर हो उठा और भोग के लिये प्रार्थना की। रानी [illegible] पर राजा ने आकर तापस को मार डाला। वह तापस मरकर राक्षस हुआ और पूर्व भव के वैर से नगरी की यह स्थिति कर दी।

राक्षसी ने कुमार को धन का ढेर पता बतलाया। कुमार सावलिंगा से कहा कि धन हम अपने फिर कभी विधि विधानपूर्वक ग्रहण करेंगे। अभी तो प्रतिष्ठानपुर चलें। चलते चलते वे प्रतिष्ठान के समीप आ पहुँचे और पास के गांव में एक ब्रह्मभट्ट के यहां जा कर ठहरे। ससुराल होने के कारण नगर-प्रवेश के लिये योग्य वस्त्राभूषण लाने एवं रथनादि की व्यवस्था करने के लिये कुमार अकेला नगर में जाने लगा तब सावलिंगा ने कहा कि यदि आप ५ दिन में वापिस नहीं लौटे तो मैं चिता-प्रवेश कर लूंगी।

कुमार को नगर में प्रवेश करते हुए एक टूंटक मिला। कुमार उसे अपशकुन समझ कर वापिस जाने लगा। टूंटक को यह बात अखरी और वह पुष्प एवं खाद्यादि मांगलिक वस्तुओं को लेकर पास में आकर कहने लगा कि मैं सिंहल के राजा का सुरसुंदर नामक पुत्र हूं। कौतुकवश ५०० हाथी एवं करोड़ मोहर लेकर नगर देखने के लिये यहाँ आया था पर मैं उसको जूए में हार गया। जुवारियों ने मेरे हाथ कान भी काट डाले। दैव रूठता है वही जूआ खेलता है।

टूंटक के साथ कुमार ने नगर में प्रवेश किया। रास्ते में सूर्य-प्रासाद में विवाद हो रहा था। विवाद का विषय यह था कि राज्यमान्य कामसेना वेश्या ने स्वप्न में देखा कि श्रेष्ठि दत्तक के पुत्र सोमदत्तने उसके

घर आकर उससे भोग किया। अतः सोमदत्त से अपनी द्रव्य मुद्रा रूप में गर्हित कार्यों की शुल्क लेनें के लिये वेश्या नें अक्का भेजी। श्रेष्ठि ने-धन देने से इनकार किया। इसी कारण ३ दिन से विवाद चल रहा था कुमार को देख उसे इसका न्यायाधीश चुना गया। उसने श्रेष्ठि से कहा कि राजमान्य से विरोध करना उचित नही। अतः तुम इसे धन दे दो। कुमार नें श्रेष्ठि से धन मंगा कर उसका आधा भाग लेनें के लिये अक्का को कहा पर उसने आधा लेने को स्वीकार नहीं किया। तब कुमार ने एक दर्पण भांग कर उसके सामने धन रख दिया और प्रतिबिम्बित धन लेने के लिये अक्का से कहा। क्योंकि स्वप्न एवं प्रतिबिम्बित अवस्था समान ही होती है। इस न्याय से अक्का लज्जित हो बिलखती हुई लौट गई।

कामसेना यह वृत्ताँत जानकर नृत्य करने के बहाने सूर्यप्रासाद में आई और कुमार को देख कर मोहित हो गई। उसने कुमार को अपने घर चलने को कहा। टूंटक ने जाने का विरोध किया कि वेश्या किसी की नही होती। पर कुमार निर्भीकता से चला गया और ५ दिन उसके यहां रहा। कुमार नगर मे जूआ खेलने गया और बहुत सा धन कमा लाया। उसमें से कुछ धन सार्वालगा के लिये आभूषणादि खरीद करने के लिये टूटक को दे दिया बाकी वेश्या को दे दिया।

५ वें दिन कुमार ने वेश्या से जाने की आज्ञा मागी। वेश्या ने रहने का बहुत आग्रह किया पर कुमार को सार्वालगा से वचनवद्ध होने के कारण जाना जरूरी था अतः रवाने हुआ। जाते समय वेश्या-ने कुमार का उत्तरीय वस्त्र खेंचा तो उससे चोर का बाधा हुआ पद्मिनीवेष्टित कंचुक खुल पड़ा। वेश्या ने वेष्टन खोलने पर रत्नमय कंचुक देख कर कुमार से मागा और उसने वह उदारतापूर्वक दे दिया।

वेश्या उसे पहिन कर राजसभा में जा रही थी, इसी समय एक सेठ नें कंचुक को देख, वह अपना चोरी गया था वही है यह निश्चय

कर राजा से इसकी फरियाद की। राजा द्वारा वेश्या को पूछने पर उसने कहा हमारे यहां अनेक सोमादि आते हैं मैं उनका नाम नहीं बतला सकती। तब राजा ने वेश्या को शूली की सजा का हुक्म दे डाला। कुमार ने जब यह बात सुनी तो वह शूली के स्थान पर पहुंचा और कोतवाल को जाकर कहा 'चोर मैं हूं, वेश्या को छोड़ दो'' पर उसके नहीं छोड़ने पर जबरदस्ती उसे छुड़ा लिया, राजाने कुमार को पकड़ने के लिये अपनी सेना भेजी पर कुमार ने उसे भी हरा दिया।

उधर ५ दिन तक कुमार के न आने के कारण सावलिगा ने चिता-प्रवेश की तैयारी कर ली। कुमार ने यह सुनते ही अपने बदले सोमदेव को वहां छोड़ वापिस आने की प्रतिज्ञा कर वहां पहुंचा। और सावलिगा को जलने से बचाया। प्रतिज्ञानुसार कुमार शूलीस्थान पर वापिस आया राजा ने ५२ वीरो को कुमार से युद्ध करने के लिये भेजा। नारद ने सूचना पाकर कुमार के पूर्व परिचित ५ चोर वहा सहायतार्थ आ पहुंचे अतः ५२ वीर भी हार गये।

राजा ने बल से काम निकलता न देख नम्रता से कुमार का नाम पूछा और उसके न बतलाने पर वेश्या से पूछा। तो वेश्या ने उसका नामाङ्कित खड्ग लाकर राजा को दिखलाया। राजा को छलने के लिये कुमार ने कहा इस तलवार को तो मै सदयवत्स से जूए मे जीता था। राजा ने उसे वश मे करने को गजघटा बुलाई। उसे भी सिहनाद द्वारा कुमार ने भगा दिया। अंत मे राजा के अनुरोध से कुमार ने अपना वास्तविक स्वरूप प्रगट किया। तो राजा को उसे अपना जामाता ही जानकर वड़ी प्रसन्नता हुई और अपने पुत्र शक्तिसिंह को भेज कर सावलिगा को भी बुला ली।

अवान्तर कथा। कुछ समय तक दोनों वहां आनंदपूर्वक रहे। इसी समय सदयवत्स की मित्रता १ वनिक, १ क्षत्रिय एवं ब्राह्मण जाति के तीन व्यक्तियों से हो गई। इतने मे ही एक विदेशी के मिलने पर कुमार ने पूछा कि कही कुछ कौतुक देखा हो तो कहो। उसने कहा तुम्बन नगर मे धनपति सेठ के मृत पिता वहुत

समय हुए जला दिये गये थे, पर वे रात के समय जीवित अवस्था में घर पर आ जाते है। यह वड़ा आश्चर्य है। कुमार कौतूहलवश तीनों मित्रों के साथ वहां गया। तुम्वन में प्रवेश करते हुए एक व्राह्मणकन्या को सीकोतरी पीड़ा दे रही थी,उसे छुड़ाकर उसका विवाह व्राह्मण मित्र के साथ कर दिया।

आगे चल कर मित्रों सहित कुमार सेठ के घर पहुंचा। और अमुक धन लेने का तय कर वे उसके पिता का शव जलादेने के लिये स्मशान ले गये। उसे प्रातःकाल जलाने का निश्चय कर रात को १-१ प्रहर वारी वारी पहरा देने की कर ली गई।

पहली वारी वणिक की थी। पहरा देते हुए उसे एक स्त्री के रोने की आवाज मुनाई दी। वणिक शव को अपनी पीठ पर बाँध स्त्री के पास गया। और रोने का कारण पूछा। स्त्री ने कहा मेरा पति शूली पर लटका हुआ है मै उसके लिये थाली मे भोजन लाई हूं पर शूली के ऊंची होने के कारण उस तक पहुंच नही सकती। इसी दुःखसे रो रही हू। वणिक ने करुणावश उसे पीठ पर चड़ा कर ऊंची कर दी। स्त्री ने ऊंची चढ़ कर शूली पर लटके हुए पुरुष का मॉस खाना शुरू कर दिया। जव एक मांसखंड वणिकके ऊपर पड़ा तब उसने उसको नीचे डाल दिया। पड़ते ही वह स्त्री भागने लगी पर वणिक ने उसका पीछा कर एक हाथ काट डाला और उस हाथ को वालुका मे डाल दिया।

दूसरे पहर मे एक व्राह्मण ने एक राक्षस द्वारा एक राजकुमारी को ले जाते हुए देखा। राक्षस को राजकुमारी से भोग की प्रार्थना करते देख पीछे से व्राह्मण ने उसे मार डाला।

तीसरे पहर क्षत्रियकी वारी थी। शव को जलाने के लिये वह अग्नि लेने की खोज में निकला तो उसने भूतों को खीर पकाते देखा। उनके पास ७ पुरुष खिचड़ी के साथ साग की जगह खाने के लिये वंधे हुए थे।

क्षत्रिय-पुत्र ने भूतों को डरा कर भगा दिया। और पत्थर मारकर खिचड़ी की हाडी को फोड़ डाला। बंधे ७ पुरुष राजकुमार थे।

चौथे प्रहर सदयवत्स उठा तो शव में उसे जूआ खेलने को आह्वान किया। शव में रहे हुए बैतालने अपने दाव प्रसारित कर एक राजमहल में से जूआ खेलने की सामग्री उठाकर ले ली। जो हारे उसका मस्तक छेदन कर दिया जाय। इस प्रतिज्ञा पूर्वक साथ बैतालको जीतकर कुमार ने शव को जला दिया।

प्रभात में श्रेष्ठि के पास जाकर पूर्व निश्चित धन मांगा। श्रेष्ठि ने कहा कल खातरी करके दूंगा। कुमार ने राजा के पास फरियाद की और रात का सारा वृतांत कह सुनाया। राजा के प्रमाण मांगने पर बालू में गड़ा हुआ हाथ उपस्थित किया और वह हाथ रानी का होने से रानी सीकोतरी साबित हुई। राजकुमारी राजकुमारों को भी उपस्थित किया गया। श्रेष्ठि ने कुमार को अपनी कन्या व्याह दी।

सदयवत्स वहां से वापिस लौटते हुए निर्जन नगर को जिसे देख आया था वहाँ गया। वहां राक्षस की आराधना कर वीर कोट नामक नगर बसाया। सदयवत्स के लीलावती रानी से वनवीर और सावलिंगा से वीरभानु नामक पुत्र हुए।

[सदयवत्स ने चतुर्थी को संवत्सरी करने वाले जैनाचार्य कालकसूरि के हाथ से अपने बसाये नगर के जैनमंदिर की प्रतिष्ठा करवाई।]

इसी समय उज्जयिनी, जो कि अपनी मूल राजधानी थी, पर शत्रुओं के ६ महीने से घेरा डालने की बात सुन कर कुमार ने ससैन्य वहां जाकर शत्रुओं को परास्त किया। प्रभुवत्स राजा ने सदयवत्स को उज्जयिनी का राज्य दिया। वीरकोट का नवीन स्थापित राज्य राजकुमार को सौंप दिया गया।

[अन्यदा कालकाचार्य उज्जयिनीमे पधारे और पूछने पर सदयवत्स का पूर्वभव कह सुनाया कि तू विंध्याचल की पल्ली के गोत्रक नगर में व्याघ्र राजा की धारलदेवी रानी के गुण सुंदर नामक सरलस्वभावी

एवं दयावान पुत्र था। श्यामाचार्य के पास जीवदया व अभयदान का उपदेश श्रवण कर उसने सम्यक्त्व सहित श्रावकोचित १२ व्रत ग्रहण किये। गुणसुन्दर मुनियों को अन्नादि का दान और प्राणियोंको अभयदान देने मे सदा तत्पर रहता था। एक बार उद्यान में क्रीडा करते हुए उसे ४ पुरुष मिले। उन्होंने कहा कि वैताल नगर में देवी के वलिदान के लिये हमें पकड़ा गया था पर हम वहां से भाग कर यहां आ गये हैं। वहाँ के लोग वड़े निर्दयी हैं और मनौती मानकर थोड़े से स्वार्थके लिये भैंसे और विशेष कार्य से मनुष्य तक की वलि दे देते हैं। गुण-सुन्दर का हृदय करुणार्द्र हो गया। अतः वहाँ जाकर वलि देनेवाले लोगों को भगाकर मनुष्यों को वचाया। और अपनी वलि देने के लिए कंठ पर तलवार का प्रहार करने लगा। देवी ने उसके धैर्य एवं साहस से प्रसन्न हो उसका हाथ पकड़ा। तव उसने देवी को प्रतिवोध देकर सदा के लिये वलिप्रथा वंद करवा दी। मृत्यु समय में आराधन करने से तुम इस जन्म में सदयवत्स हुए। जीव दया व अभयदान के पुण्यसे प्रवल पराक्रम और मुनि दान के फल से सव प्रकार के भोग प्राप्त किये। अपना पूर्व वृत्तान्त सुन सदयवत्स को पूर्व-भव स्मरण हो आया।

राजस्थानी रूपांतर-राजस्थान में प्रचलित सदयवत्स कथा में केशव की प्रति सवसे प्राचीन है। अतः तुलनात्मक विचार करने के लिये यहाँ उसका सार दे दिया जाता है।

पूर्व दिशा के कोंकण देशस्थ विजयपुर में महाराजा महीपाल राज्य करते थे। उनका पुत्र सदयवच्छ था। राजा के मंत्री सोम के सावलिंगा नामक पुत्री थी। योग्य वय होने पर महाराजा ने पंडित को वुला विद्या-ध्ययनार्थ कुमार को उसके सुपुर्द कर दिया। इसी प्रकार मन्त्री सोम ने सावलिंगा को भी पढ़ाने के लिए उन्हीं की पाठशाला में भेज दिया। और उसे पाठशाला के छात्रों से अलग रखकर पढ़ाने का निर्देश कर दिया।

सावलिंगा की पढ़ाई परदे में होने लगी। राजकुमार के पूछने पर

पंडितजीने उसके पर्दे में पढ़ने का कारण उसका अन्धी होना बतलाया । और कुमारी को कुमार का कोढ़ी होना कह दिया जिससे परस्पर कोई सम्बन्ध न हो सके । एक दिन किसी कारण से पंडितजी नगरमें गये थे और सबको पढ़ाने का काम कुमार को सौंप गये । पढ़ते हुए पर्दे में स्थित कुमारी ने कोई पाठ अशुद्ध बोला । तब कुमार ने कहा 'अन्धी ! अशुद्ध क्यों बोल रही हो?' प्रत्युत्तरमें कुमारीने कहा--कोढ़ी ! जैसा पाटी में लिखा है वैसा ही पढ़ रही हू ।' कुमार का भ्रम इस उत्तर से दूर हो गया । उसने सोचा गुरुजी के कथनानुसार कुमारी यदि अन्धी है तो पाटी पर लिखा वह पढ़ने की बात कह नहीं सकती, और मुझे कोढ़ी कहने का कारण भी क्या ? अतः हम दोनों एक दूसरे को देख न सकें इसीलिये गुरुजी ने भ्रम फैला रखा है । भ्रम दूर होते ही कुमार को कुमारी के देखने की उत्कंठा बढ़ी । और एक दूसरे को देख करके प्रेमसूत्र में बंध गये । फिर परस्पर दूहा-गूढ़ादि लिखते व कहते रहने के द्वारा प्रीति दृढ़ होती गई ।

गुरुजी के बाग मे खेत थे । उसकी रखवाली के लिये बारी २ से शिष्य वहां जाते थे । नियमानुसार सदयवच्छ अपनी बारी पर खेत पहुंचा और सावलिगा उसे भाता (भोजन) देने खेत गई । वहाँ एकान्त होने से प्रीति विशेष रूप से दृढ हो गई । सावलिगा ने किसीके भी साथ विवाह होने पर पहली रात उसके साथ रमण का वादा किया ।

शिक्षा समाप्त होने पर यौवनावस्था देख, राजा ने सदयवच्छ का विवाह किसी राजकन्या से कर दिया । और सावलिगा के पिता ने भी कुमारी की अवस्था विवाहयोग्य जानकर, ब्राह्मण को भेजकर पुष्पावती के सेंठ धनदत्त से उसका सम्बन्ध निश्चत कर दिया । सदयवच्छ यह जानकर वेश्या के कथनानुसार स्त्रीवेष में कुमारी सें उसके घर जाकर मिला । तब उसें देवी मन्दिर में मिलने का कुमारी ने संकेत किया ।

निश्चित समय पर पुष्पावती सें धनदत्त आया और उसके साथ सावलिगा का विवाह हो गया । सदयवच्छ के साथ अपनी पुरानी प्रीति

एवं वचन निवाहने के लिये देवी मन्दिर मे अपनी पूर्व मनौती पूर्ण करने को पति से आज्ञा लेकर वहां पहुंची ।

सदयवच्छ ने उस दिन दूना नशा कर लिया और देवी के मन्दिरमें जाके सो गया । नशे की अधिकता से उसको इतनी प्रगाढ़ निंद्रा आगई कि सार्वलिगा ने उसे जगाने के लाख प्रयत्न किये पर सब निष्फल गये । तब निराश होकर वह अपने घर लौटते समय अपने आने के सूचक चिन्ह एवं फिर मिलने का संकेत-सूचक दूहा कुमार के हाथ पर लिख दिया ।

निद्राभंग होनें पर कुमार नें सार्वलिगा के न आने का बड़ा अफसोस किया । दतौन के समय हाथ की ओर देखने पर कुमार ने हाथ पर उसका लिखा हुआ दूहा पढ़ा । और अपनी गलती महसूस कर,योगी होकर दोहे की सूचनानुसार पोहपावती नगर पहुंचा । रास्ते मे हाथ का लेख नष्ट न हो जाय अतः बावड़ी में पशु की भांति मुंह से पानी पिया । इस प्रसंग में पनिहारियों से बातचीत करते हुए कुंभारिन से पता लगा कर वह धनदत्त सेठ के घर पहुंचा और सार्वलिगा से चार आँख होने पर दोनों अधीर हो उठे ।

उस समय सार्वलिगा ने अपने पति को कहकर नया महल या मंदिर बनानेका काम शुरू कर रखा था । सदयवच्छ उसीके निर्माण-कार्यमें मजदूरी करने लगा । एक बार जोगीका वेप धारण कर भिक्षा लेने सार्वलिगा के घर गया, जब उसने अन्य किसीके हाथ से भिक्षा न ली, तब सार्वलिगा देने आई और पुनः चार आँखें होंने पर स्तम्भित से हो गये ।

राजगवाक्षमें बैठी हुई राजकन्या नें यह स्वरूप देख उपालंभ सूचक दोहे कहे । इन दोहों को सुनकर कुमार नाराज होकर चला गया । राजकन्या ने सार्वलिगा से मिलकर दोनों का प्रेम-सम्बन्ध ज्ञात किया ।

इधर सदयवच्छ ने सैन्य संग्रह कर पुहुपावती के राजा भोज को राजकन्या देनेका कहलाया । और उसके न मानने पर युद्ध कर,उसे हरा दिया । तब भोज ने अपनी कन्या का विवाह उससे कर दिया । कर-

मोचन के समय कुमार ने अन्य वस्तुयें न लेकर धनदत्त सेठ को बांधकर मगवाया और उससे सावलिगा देने का स्वीकार कराके छोड़ दिया।

सावलिगा और सदयवच्छका युगल जोड़ा मिलकर बडा प्रसन्न हुआ। कुछ दिन वहां रहने के पश्चात् सपरिवार अपनी नगरी लौट राज्यपालन करता हुआ विलास करता रहा। सावलिगा आदि रानियोंके साथ विषय-सुख भोगते हुए उसके ४ पुत्र हुए। यही कथा की समाप्ति होती है।

कथा के विविध रूपांतर-उपर्युक्त कथा मे प्रेम और विरह प्रधानतः है, अर्थात शृंगाररस प्रधान है। सावलिगा ने भी अपनी प्रीति व वचन निभाया। इसके परवर्ती रूपांतरों मे सदयवच्छ की नगरी का नाम किसी मे मुंगीपुर किसी मे आनन्दपुर और किसी में पुहुपावती मिलता है। उसके पिता का नाम सालिवाहन व महीपाल, माता का नाम कही चपकमाला कही सौभाग्यसुन्दरी, एवं गुरु का नाम सगुण महात्मा लिखा है। सावलिगा के पिता का नाम पदमसन, कही पदमसेठ, और माता का नाम लीलावती लिखा है विद्याध्ययन के लिये गुरु के पास कही सावलिगा पहले गई और कही पीछे, ससुराल का स्थान धारानगर ससुर का नाम हीरा, पति का नाम रतनपाल एवं वहां राजा का नाम विजयपाल लिखा है। पुहुपावती मे सदयवच्छ के पहुंचने पर कई कथा-नको में घर में आग लगा कर सावलिगा का बगीचे में उससे जाके मिलना, कही वहाँ भी सदयवत्स का नही पहुंच सकना लिखा है। वहाँ के राजा का नाम कहीं भिन्न ही लिखा है और उसकी कन्या के विवाह का कारण कन्या का सावलिगा से अनुराग हो जाना बतलाया है। कही स्वयंर विधि से उसके साथ विवाह होने का उल्लेख है। कई रूपांतरों में सदवच्छका अपने नगर लौटने का कारण पिता अन्वेषण कर बुलवा भेजना लिखा है। और भी कई घटनाओं में अंतर व कमीवेशी पाई जाती है। अर्थात अनेक व्यक्तियों की सूझबूझ से इस कथा में बहुत कुछ समय समय पर जोड़ा एवं रूपांतरित किया गया है।

कई कथानकों के प्रारंभिक भाग में उसके पूर्वभव का प्रसंग देकर

प्रीति का प्राचीन सम्बन्ध होना व्यक्त किया है। एक रूपांतर में अन्य अनेक कथानकों की भाँति शिव पार्वती का प्रसंग भी जोड़ दिया गया है।

कथारूपों में भिन्नता-अब गुजरात और राजस्थानी संस्करण में मुख्य रूप से जो अन्तर है उस पर प्रकाश डालता हूं।

(१) गुजराती संस्करण वीर एवं अद्भुतरस प्रधान है राजस्थानी शृंगार प्रधान है।

(२) गुजराती संस्करण में कई घटनायें हैं। तब राजस्थानी कथा में घटनाओं का प्राधान्य व अधिकता नहीं है, पर प्रेम सम्बन्धी कथन ज्यादा है।

(३) गुजराती संस्करणानुसार सावलिंगा सदयवत्स की विवाहिता पत्नी है, तब राजस्थानी संस्करणानुसार वह रत्नपालकी विवाहिता पत्नी और सदयवत्स की प्रेमिका है।

(४) गुजराती संस्करणानुसार सदयवत्स उज्जैनी के राजा प्रभुवत्स का पुत्र है तब राजस्थानीके अनुसार विजयपुर, आणन्दपुर, मुंगीपुर, या पुहपावती के राजा महिपाल या सालिवाहन का पुत्र है।

(५) गुजरात एवं राजस्थान में प्रचलित आधुनिक कथानक मिलता जुलता हैं अर्थात-गुजरात में भी प्राचीन कथानक को अब भुला दिया गया प्रतीत होता है। इनमें पूर्वभवों के प्रेम सम्बन्धों की कथा ७।८ भवों तक बढ़ चुकी है।

शृंगारप्रधान कथानक-कीर्तिवर्धन की 'सदयवत्स चउपई' और मारवाड़ राजस्थान के अन्यान्य गद्य पद्यात्मक 'सदेवंत सावलिंगा' नाम के कथानकों में प्रधान रूप में शृंगार रस पाया जाता है।

सदयवत्स कथा एवं दो परिपाटी-राजस्थान की अनेक प्रसिद्ध लोककथाओं में "सदयवत्स सावलिंगा" की प्रेमकथा का कई शताब्दियों तक राजस्थान में सर्वाधिक प्रचार अधिक लम्बे समय तक

रहा है। इस कथा की अनेक प्रतियों पर [illegible] चित्रित [illegible] इस कथन का समर्थन करती है।

सदयवत्स कथा के विविध रूपांतरों के [illegible] से [illegible] है, कि उस लोककथा का गुम्फन दो प्रकारों में विभक्त हुआ है। भीम कवि का गुजराती 'सदयवत्स वीर प्रबन्ध,' एवं [illegible] 'सदय-वत्स चरित्र' के गद्य कथानक की परिपाटी और रूप में [illegible] आ रही है। तो राजस्थानी पद्यात्मक एवं गद्य पद्यात्मक दोनों प्रकार के कथानक शृंगार-रस-मूलक होने के नाते उनसे [illegible] हैं।

पंजाब एवं उत्तर प्रदेशमें उल्लिखित 'सदावृज्ज कथानक' का केवल नामोल्लेख के अलावा विशेष कुछ भी ज्ञान अभी तक प्राप्त हुआ नही है।

सदयवत्स चउपई-राजस्थानी रूपांतरों में सबसे प्राचीन रचना खरतरगच्छीय जैनकवि केशव, अपर (दीक्षित) नाम कीर्ति-वर्धन रचित "सदयवत्स सावलिगा चउपई" है। इसकी रचना वि. सं. १६९७ के विजयादशमी को प्रथमाभ्यास के रूप में की गई है। किन्तु जान लेना पड़ता है कि वास्तव में यह चउपई भी कवि की स्वतंत्र रचना न होकर जनता में प्रसिद्ध दोहे आदि पद्यों को अपने धागेसे माला बनाने के रूप मे पिरोये हों ऐसे, संकलन सा दिखाई देता है। राजस्थानी भाषा के पिछले सभी रूपांतर प्रायः गद्य पद्यात्मक रूप में ही है। जिनमें से कुछ रचनाओमें दोहे है, गद्यांश कम है। तो कुछ में गद्यांश बहुत विस्तृत है। कीर्तिवर्धन ने अपनी रचनाकृति में बीच बीच में अपने पद्यो के साथ २ प्रचलित पद्यो को भो यथास्थान जुटा दिये है।

गद्यपद्यात्मक रूपांतर-राजस्थान की गद्यपद्यात्मक 'सदयवत्स कथा' सचित्र रूप में भी मिलती है। अतएव वह विशेष रूप से उल्लेख-नीय है। 'सदयवत्स सावलिगा री कहा' गुजरात मे आबाल वृद्धो में ज्ञात है। उनके आठ भव के प्रेम एवं वियोग की कथायें स्त्रियां भी बड़े चावसे

पड़तीं हैं। उपलब्धि प्राचीन राजस्थानी काव्य ग्रंथों में पूर्ववर्ती केवल १-२ एक या दो भव की कथा का वर्णन पाया जाता है। आठ भव की कथा का सम्बन्ध पीछे से जोड़ा जुटाया गया प्रतीत होता है।

कथा द्वारा जैन मतका प्रचार एवं प्रसार सदयवत्स कथा का संस्कृत गद्य रूप कि जो गुजराती कथानक से प्रेरित होना प्रतीत होता है, उसके रचयिता हर्षवर्धन ने इस लोक-कथा को अन्य जैन विद्वानों की भांति ही जैन स्वांग या चोला पहना दिया जान पड़ता है। जैसे कि सदयवत्स ने अपने वसाये हुए नगर में वीर जिनेश्वर के मन्दिर की प्रतिष्ठा चतुर्थी की संवत्सरी मनाने वाले कालकाचार्य के हाथों से करवाई है। जैन कवि ने जैनाचार्य कालक के साथ उसका सम्बन्ध जोड़ा जुटाया है। जिसने सदयवत्स को इसके पूर्वभव की कथा सुनाई उससे सदयवत्स को जाति-स्मरण तब हुआ। हर्षवर्धन के उल्लेख के अनुसार सदयवत्स ने श्रावक-धर्म स्वीकार किया था। किन्तु केशव (कीर्तिवर्धन) ने उसे राजस्थान में प्रचलित लोककथा के रूप में ही रहने दिया है।

परिशिष्ट १-में-प्रकाशित 'सदयवत्स सावलिंगा पाणिग्रहण चउपई' की रचना किस कवि ने की है उसका उल्लेख अप्राप्य है। प्रायः उसका रचयिता जैन होना सम्भव है। कवि ने किसी प्राचीन चरित्र के आधार पर यह रचना की है। पाणिग्रहण अधिकार के प्रथम अधिकार होने का उस चउपई मे उल्लेख है। जैसे कि 'ए पहिलु हुउ अधिकार, कवि जोई चरित्र आधार'। इसकी भाषा १६ वी शती के अंत भाग की अथवा १७ वीं के प्रारम्भ के होना सम्भव है।

कवि केशव की रचना-केशव कवि की 'सदयवत्स सावलिंगा चउपई' की रचना (परिशिष्ट २) विप्रलंभ शृंगार रस में ही भरपूर है। इसमें जो छंद हैं दूहा (दोहे), चंद्रायणा, एवं कवित्त, मनोवेधक है। एवं सुभाषित, अन्योक्ति, अर्थान्तरन्यास. कहावतें, और मुहावरों के द्वारा काव्य रसपूर्ण बनाया है। कवि ने कडी ४५४, ४५५, ४५८, में वस्तु-निर्देशात्मक मंगलाचरण किया है। (पृ० १३५) और अंत में फल

स्तुति की है।

पूर्वभव का कथानक–अंकुश कथानक में पूर्वभव की कहानी दी गई है। यह [illegible] की नज़ारे में नहीं है। सत्यवन्त एवं सार्वलिंगा के प्रेमी युगल का सम्बन्ध नायक एवं नायिका के रूप में है। इसमें पराक्रम की कोई भी बात नहीं है। केवल [illegible] के राजा को पद-दलित करके, सार्वलिंगा को सत्यवन्त प्राप्त करता है, इसमें पराक्रम का ही उल्लेख है। परन्तु इसमें कुछ अद्भुतता नहीं दिखाई देती। सत्यवन्त शौर्यवीर के रूप नहीं दिखाई देता, किन्तु प्रेमवीर के रूप में दृश्य-मान होता है।

सदेवन्त सावलिगा के आठ भव की कहानी कवि या लेखक-इस कहानी के रचयिता का पता नहीं चलता।

कथानक का प्रारम्भ जगन्माता पारवती जी ने वनलीला देखने का हठाग्रह किया। इसलिए भगवान शंकर उनको साथ में लेकर वनमें चल आये। रास्तेमें एक नारियल नामक प्राचीन वाव देखने में आयी। तृषा लगी हुई थी जिससे पार्वती जी ने भगवान शंकर से पानी लाने के लिये प्रार्थना की। शिवजी ने प्रार्थना सुनकर पानी लाकर दिया। सती उमा पानी पीने की तैयारी करती है कि वहां शिर उठाने पर एक नर एवं मादा वंदर की जोड़ी देखी। पार्वती ने भगवान शंकरसे पूछा कि ये वन्दर कौन से विचार में इतने मग्न हो गये है। शिवजी ने उत्तर दिया कि यह वात वहुत लम्बी चौड़ी है, छोड़ दो इसे। उत्तर सुनकर यह रूठ गयी, और मारे क्रोध के जव भगवान शंकर के शिर के वालों में छुप गई। तव आखिर में शिवजी वह वात सुनाने के लिये तैयार हो गये।

अष्ट भव के नाम-(१) ब्राह्मण–ब्राह्मणी (२) चकवा-चकवी (३) हिरन-हिरनी (४) मयूर-ढेलणी (५) हंस-हंसी (६) राजा-रानी (७) वंदर-वंदरी, और वाद मे (८) नर-नारी

पहले भव की कहानी ब्राह्मण-ब्राह्मणी-धारापुर नामका एक देहात था। उस गांव में दो ब्राह्मण रहते थे। दोनों निःसन्तान थे। जिससे उन्होने वनमें जाकर तपश्चर्या की। ब्रह्माजी प्रसन्न हुए दोनों को वर दिये। एक को पुत्र-रत्न प्राप्त हुआ दूसरे को पुत्री-रत्न की प्राप्ति हुई। योग्य उम्र होते ही इन दोनों की शादी हो गई। युवक शादी के बाद विध्याध्ययन करके घर वापस आ रहा था। रस्ते के बीच में ससुरसे भेंट हुई वह जामाता को अपने घर ले आया। कुछ दिनों तक वह ससुराल में रहा। और बाद में ये दोनों पति पत्नी (युवक-युवती) अपने घर जाने के लिये निकल पड़े।

किंतु रास्ते में ऐसी घटना घटी कि इन दोनों की तृषातुर अवस्थामें मृत्यु हुई। पार्वतीजी ने भगवान शंकर से प्रार्थना की कि प्रभु इस जोडी को जिन्दा कीजिये। तो शंकर भगवान ने कहा कि अब ये लोग कृपा करने के योग्य नहीं हैं। फिर भी पार्वतीजी ने हठाग्रह धारण किया और उन्हें जिन्दा करवाया।

यौवन के मद में मस्त बने हुए ये भट-भटाणी एक शिवालय में आये। विषयवासना बढ़ गई, इसकी तृप्ति करने के लिये देवल में जो शिवजी का लिंग (मूर्ति) था उसको उखाड़कर कहीं बाहर फेंक दिया और अपनी मनोवांच्छा पूर्ण की। इस अयोग्य और नराधम कृत्यसे भगवान शंकर क्रोधित हो गये और श्राप दिया कि तुम्हें सात भव (अवतार) तक वियोग सहना पड़ेगा।

शंकर भगवान का श्राप सुनकर ये दोनों काशी में करवट लेने के लिये निकल पड़ें। रास्ते में एक गांव आया भट। (युवक) खुराक की तलाश में गया। जब वापस आया तब देखा तो पत्नी का पता नही था। अब क्या करें। इसलिये उसने काशी (वाराणसी) जाकर गले पर कर-वट लगवा दिया और मौत के शरण हो गया।

जब भट्ट खुराक की तलाश में गया था, उस समय वहां एक राजा आया और भट्टाणी का अपहरण कर गया। वह स्त्री रात्रि के समय

[illegible] ने [illegible] में से छूटकर निकल पड़ी । और उसने भी [illegible] (ललाट) की [illegible] । और माथे पर कलंक लगा दिया । उस [illegible] को छोड़कर चली गई ।

कहानी दूसरी, चकवा-चकवी-किसी एक जंगल में एक पेड़ पर एक चकवा और चकवी रहते थे । उसी जंगल में एक बार अचानक अग्नि प्रचार हो गया । दावाग्नि का भीषण कार्य शुरू हो गया । और जिस वृक्ष पर ये दोनों पक्षी रहते थे वह वृक्ष भी जलने लगा । किन्तु दोनों को ऐसा लगा कि हमें आश्रय देने वाला वृक्ष जल जाय और हम यहां से भाग छूटें । यह बात ठीक नही है । ऐसा विचार करके ये दोनों पंछी भी दावाग्नि में आग के शोलों में जलकर भस्म हो गये-मर गये ।

कहानी तीसरी, हिरन और हिरनी की-एक जंगल था । वहां एक हिरन एवं हिरनी रहते थे । ये वन में घूमते थे और अपना गुजर-बसर करते हुये आनन्द में जीवन व्यतीत करते थे । उस जंगल में एक बार एक पारधी आया उसने हिरनी को फँसा दिया, हिरनी ने बहुत आक्रंदन किया । हिरनी का आक्रंदन सुनकर उस शिकारी के मन में दया उमड़ पड़ी । उसने हिरनी को मुक्त कर दी । अब तो हिरनी अपने पति हिरण की खोज में निकल पड़ी । किंतु रास्ते में एक पहाड़ के पास हिरन को मृत अवस्थामें पाया । हिरनकी मृत्यु देखकर उसने भी अपना शिर पटककर मृत्यु से भेंट की । वह भी चल बसी ।

कहानी चौथी, मयूर ढेलणी-इस कहानी के बारे में कुछ लिखा गया प्राप्त नही होता ।

कहानी पाँचवी, हंस और हंसी की-हंस एवं हंसी की एक जोड़ी जंगल में रहती थी । उसकी रहने की जगह पर एक बार एक साँप आया । और उनको निगल जाने लगा । किंतु दैवसंजोग से उनके कर्णपट पर भगवान का नाम सुनाई पड़ा । दोनों की मृत्युन्हुई । किंतु इस पुण्य के प्रभाव से अगले जन्म में (भव में) ये दोनों राजा एवं रानी के रूप में अवतरित हुये ।

कहानी छटवीं राजा और रानी-एक नगर था उसका नाम देयपुर। वहाँ के राजा का नाम था सालवाहन और रानी का था दुर्मति उनके पुत्र का नाम था वल्लभ।

एक दूसरा रायपुर नाम का नगर था। वहां सुव्रत नाम का राजा था। उसकी गुणवन्ती नाम की एक कन्या थी। उसके पिताने उसका विवाह संबंध किया था वल्लभ के साथ। किन्तु उसकी मां भाई और चाचाजी ने अलग २ स्थान एवं अलग २ व्यक्तियों के साथ सगाई कर दी थी। खूबी यह थी कि इन सब रिश्तेदारों ने शादी की तिथि जो निश्चित की थी वह एक ही थी।

शादी के दिन चारों वर बरात लेकर सजधज के साथ आ गये। राजकुमारी आश्चर्य में पड़ गई। शादी किसके साथ की जाय। क्योंकि यहां तो एक के स्थान पर चार चार वर आये हैं। इससे उसके मनमें बहुत दुःख हुआ। अपनी जिंदगी पर नफरत आयी और वह अग्नि में जल गई। दुनियां से विदा ली।

शादी करने के लिये जो यहा चार वर आये थे। उनमें से एक वर ने कुंवरी की मृत्यु से अपनी बलि देदी। दूसरा कहीं भाग गया। तीसरे ने उसकी हड्डियों की राख गंगाजी में बहा दी। चौथा वल्लभ था उसने उसका पिंडदान दिया और पिंड भक्ष्य करने लगा।

जो व्यक्ति भागकर दूर देश चला गया था। उसके हाथमें अकस्मात एक अमृत का घट आ गया। उसको लेकर वह जिस जगह पर राजकुमारी जल गई थी, वहां आया। और राख के ढेर पर अमृत का सींचन किया। फलस्वरूप वह राजकुमारी एवं उसके साथ जलजानेवाला राजकुमार दोनों जीवित हो गये। बाद में चारों के बीच में लड़ाई शुरू हो गई।

इन लोगों ने इस लड़ाई का फैसला करने के लिये एक पंच चुना। और पंच से न्याय करने की प्रार्थना की। क्योंकि पंच में परमेश्वर का निवास है। पंच ने सारा हाल सुन लिया। बाद में फैसला दिया कि

राजकुमारी को जिसने जिन्दा किया है वही उसका पति हुआ। नदी में राग बजानेवाला पुत्र हुआ। कुंवरी के भाव जगानेवाला गया उसके भाई फिर जन्म देनेवाला उसका बाप होगा। और कलश तो उसका हकदार पति ठहराया गया। सो आखिर में राजकुमारी की शादी कलश के साथ हुई।

विवाह के बाद कुछ समय पश्चात् ये दोनो एक बार एक जंगल में सैर करने निकले। वहां एक वाघ (शेर) आया। वह राजकुमार को भक्षण कर गया। राजकुमारी उसकी गोद में झूलती थी। इतने में वहां एक चोर आया उसने इस कुमारी को लूट लिया। उससे सब कुछ ले लिया। इससे दुखित होकर उस स्त्री ने एक कुए में गिरकर आत्म-हत्या कर ली। दूसरे भव में ये दोनो वंदर एव वंदरी के रूप में अवतरित हुये।

कहानी सातवी वंदर और वंदरी- एक जगल में वंदर और वंदरी रहते थे। वहाँ से एक दिन शिव जी और पार्वती जी गुजरे। उस समय पार्वती ने वंदर-वदरी की जोड़ी देखकर भगवान शंकर से पूछा कि उनके सम्बन्ध मे क्या बात है। तो शिवजी ने उनके गत जन्मों की (भवों की) बातें कह सुनाईं। बात सुनकर सती पार्वती जी ने उनको फिरसे मनुष्यावतार देने के लिये अनुरोध किया। प्रार्थना की। तो भगवान शंकर ने कहा कि "इस मुहूर्त में यदि यह वंदर एवं वदरी इस वाव मे गिर जाय तो मनुष्य रूप प्राप्त होगा।"

वंदरी ने यह बात सुन ली। और पतिदेव वदर को भी अपने साथ इस वाव में गिर जाने को कहा। किंतु वंदर ने न माना, वंदरी की बात को स्वीकार न किया। वंदरी अकेली वाव में गिर पड़ी। तो शिवजी के वरसे (कथनानुसार) यह वंदरी एक सुंदर स्त्रीके रूप में पलट गई। वंदर अब पछताने लगा किंतु अब पछताने से क्या होवे, "जब चिड़िया चुग गई खेत।" यह पुण्य क्षण तो अब व्यतीत हो चुकी थी।

इसी समय हीरासेन नाम का एक राजा अपने प्रधान के साथ वहां

आ पहुंचा वहाँ उसने इस रूपसुंदरी को देखा। वह प्रसन्न हुआ। और उस सुंदरी को रथ में बैठाकर अपने साथ ले चला। वंदर वन में फल लेने गया था। वह वापस आ गया। स्त्री को न देखकर वह रथ के पीछे हो गया। रानी राजा से प्रार्थना की कि इस वंदर को भी साथ में ले चलिये। राजा ने स्वीकार किया। वंदर को भी साथ में ले लिया गया। स्त्री ने छः महीने के वाद राजा के साथ शादी करने का वादा किया।

राजा नगर में आ गया। राजा ने इसे वंदर को सुवर्ण की शृंखला से वाँध रखने की व्यवस्था की। राजा की जो एक सम्मानित रानी थी। उससे मिलने के लिये राजा जाता था। किंतु उस रानी से मिलने में वंदर रुकावट डालता था, रानी से नही मिलने देता था। इसलिये उसने रानी के वंदर का घाट घड़ने को युक्ति सोच ली। किसी भी तरह से उसका इलाज खोलना चाहिये। तरकीव की गई।

उस रानी ने इस वंदर को एक मदारी के हवाले किया। इस कृत्य से रूपसुंदरी एवं वंदर दोनों अप्रसन्न हुए, आखिर में रूपसुंदरी ने इस मदारी को फिर एक वार आकर अपना तमाशा दिखा जाने के लिये कहा।

छः महा की अवधि वीतने के पहले मदारी वहाँ फिर से आया उसने अपना खेल शुरू कर दिया। इसी वीच में रूपसुंदरी ने अपना अमूल्य हार तोड़ दिया। मदारी ने उस हार के मोती (मोक्तिक) वीनकर इकट्ठे कर देने के लिये वंदर को मुक्त कर दिया। उस वंदर ने राजा की माननीया रानी से वैर लेने के लिये फलांग लगाई, किंतु वह निशाना चूक गया और मृत्यु के शरण हो गया। वंदर की मृत्यु होते ही रूप-सुंदरी ने भी अपने प्राण त्याग दिये और मर गई।

वंदर दूसरे भव में सदेवंत हुआ। सुंदरी सावलिंगा हुई। शादी की अभिलाषा रखनेवाला राजा हीरासेन धारानगरी के पदमशा सेठ के पुत्र रुपाशा के रूप में अवतरित हुआ। और प्रधान, लाल ब्रह्मभट हुआ मदारी गोरख साधु हो गया।

कहानी ८ वीं सदयवत्स और सावलिगा- शालिवाहन नामक एक राजा था उसके पुत्र का नाम सदयवत्स था। उस नगर के नगरसेठ पदमशाह के सावलिगा नाम की लड़की थी। वह रूप का शंवार थी। मानो रूपराशि यहाँ खड़ी हुई हो। उसके रूप लावण्य या सौंदर्य को देखनेवाले मोहित हो जाते, फीके भी पड़ जाते। अधिक सुंदरता के कारण उसका नाम रोशन हुआ। उसके अनुपम सौंदर्य की बातें सदयवत्स ने भी सुनीं, इससे वह उसको देखने के लिये आकुल-व्याकुल हो गया था। मन भी अधीर हो गया था।

एक बार एक गोरख नाम का साधु भिक्षा के लिये उस नगर के नगरसेठ पदमशाह के घर पर आया। उसने लड़की सावलिगा को देखा, और देखकर वह मोह के कारण मूर्छित हो गया। इतने में उसका गुरु भी वहां आ पहुंचा। और उसको वहां से ले गया, इस गड़बड़ी मे सदयवत्स भी वहाँ आ गया। और उसने अपने मित्र लाल वारोट (ब्रह्मभट) से पूछा कि यहां सावलिंगा कौन है और कहां है?

ब्रह्मभट लाल ने उत्तर दिया कि अगर सावलिंगा के दर्शन करने हैं तो यह कार्य यहाँ नही बनेगा। किंतु एक रास्ता है कि आप उस स्थान पर चले जाइये कि इस नव डेरी पर सावलिंगा गीत गरबी गाने के लिये जाती है, वहां आप जावेंगे तो दर्शन होगे। सदयवत्स वहां पहुंच गया। वह स्त्रीमंडल के बीचमें जाकर खड़ा हो गया। और सावलिगा से कहा कि "अरी तूं तेरे घूंघटका ओजल दूर कर दें और तेरा मुखचंद्र दिखा दें।" तब सावलिगा ने उत्तर दिया "कि मैं जिस शालामें पढ़ती हूं उस शाला में आना।"

यद्यपि सदयवत्स सदेवंतकी पढ़ाई खत्म हो गई थी। फिर भी पिताजी से आज्ञा पाकर वह शाला में गया। किंतु वहाँ मेहत्ताजी के भय से सावलिगा ने उसको समझाया कि अगले दिन चंपावाग में प्रीतिभोज का प्रबन्ध करो। उसमें मेहत्ताजी को भी आमंत्रण भेज दो

इससे हम मिलेंगे और शाँति से बातें करनें का मौका भी मिल जायगा।

दूसरे दिन गुरुजी को आमंत्रण भेजा गया। इससे वह चंपाबाग में भोजन करने गये और सभी बच्चों को निकाल दिया और बाद में इन दोनों ने एकान्त पाकर प्रेम से अनेक बाते की। दृष्टि से दृष्टि मिली और बातें करके तृप्त हुए।

किंतु यह सब प्रेम-विषयक बातें गुप्त न रह सकी, प्रकट हो गईं। गुरुजी को भी जानकारी प्राप्त हुई तो वे दौड़ते वहां आ गये। तब दोनों शर्मिंदे होकर वहां से चल दिये और जाते समय निश्चय किया कि दूसरे दिन सदयवत्स गुरुजी के बगीचे की रखवाली करने को जाय, और सावलिंगा गुरुजी की आज्ञा से उसको भोजन देने जाय। निर्णय के अनुसार सदेवंत ने गुरू जी से कहा कि आप सावलिंगा को भोजन देने के लिये आज्ञा देने की कृपा कीजिए ताकि आपके बगीचे की रखवाली करनेवाला भूखों न मरे। गुरुजी ने स्वीकृति देदी। और सावलिंगा को आज्ञा दी गयी। तो सावलिंगा भोजन में बत्तीस प्रकार की सामग्री लेकर वहा गयी बात कही गयी थी भात चावल देने की किंतु वह तो भाँति भांतिके उत्तम खाद्य पदार्थों की सामग्रियां लेकर गयी। अधिक प्रणयकलह के बाद सदेवंत एव सावलिंगा ने भोजन किया। दोनों ने आपस में या परस्पर प्रेम टिकाने का निभाने का वादा किया।

प्रतिदिन दोनों एक तोते के द्वारा प्रेमपत्र लिखकर परस्पर भेजते हैं। सावलिगा के पिता पदमशाह सेठ ने लड़की की शादी फौरन करने के लिए निश्चय कर दिया। और रूपशाह एक बड़ी बरात लेकर बड़े सजधजके साथ शादी करनेके लिये यहां आ भी गया।

सावलिंगा ने सदेवंत से संदेश भेजा कि आप स्त्री का भेष लेकर मेरे महल में आ जाना। सदेवंत भेष बदल कर वहां महलमें आया किंतु वहाँ उसकी लीलावती नाम की ननद आ धमकी। जिससे इन दोनों में बातें न हुईं। इससे सावलिंगा ने सदेवंत से कहा कि रात को भगवान शिवजी के मंदिर में आ जाना। भला यह बात याद रखना। भूल

मत जाना ।

सदेवंत की पाटमदे नामक एक रानी थी । उसने पति को पर-स्त्री से दूर रहने के लिए समझाया किंतु वह न माना । और उसने रानी को धमकी दी । भली बुरी सुनाई, रानी चुप हो गई ।

शादी का समय हुआ तो सावलिंगा ने एक युक्ति की । ब्राह्मण देव को फोड लिया गया, प्रबंध किया गया । और सावलिंगा ने अपनी लवि-गिया नाम की चेरी को अपने वस्त्राभूषण पहिना दिये और लग्नमंडप मे शादी के स्थान चोरी (शादी की वेदी) के सन्मुख बिठा दी । इस तरह रूपशाह सेठ की शादी उस दासी के साथ हो गई ।

रात को सावलिंगा रूपशाह सेठ के पास आयी । और घूंघट के पट खोल दिया । उसका रूप सौंदर्य देखकर मोहित हो गया, और उसने सावलिंगा का हाथ पकड लिया किंतु सावलिंगा ने वहाना दिखाया कि मैंने एक शरत की है । प्रण किया है कि यदि मुझे रूपशाह, पति के रूप मे प्राप्त होगा तो मैं अकेली आकर 'हे भगवान शिवजी तेरा पूजन करूंगी । बाद में पति से मिलूंगी ।'

सावलिंगा की बात सुनकर रूपशाह सेठ ने कहा कि रात का समय है और अकेली जाना चाहती है, यह बात अच्छी और ठीक नहीं है । बहुत समझायी किंतु उसने सावलिंगा ने नही माना । पूजन का थाल लेकर वह अकेली पैदल चलकर भगवान शंकर के मंदिर में आ पहुंची । सदेवंत भीतर से द्वार बंद करके नशे की खुमारी मे नीद ले रहा था । बहुत कोशिश कीं, किंतु वह किसी प्रकार से जाग्रत नही हुआ । इससे सावलिंगा ने मंदिर पर चढ़कर ऊपर के शिखर को उतारकर मंदिर में प्रवेश किया । और मोह-निंद्रा में पड़े हुए उस सदेवंत को जाग्रत करने के लिए अनेक प्रयत्न किये । किंतु ये सब प्रयत्न बेकार साबित हुए, निष्फल हुए । बाद में हताश होकर उसने सदेवंत की हथेली में समस्या (निम्न-लिखित काव्य पंक्तियां) लिखी । जैसे कि

"कोरे घड़ें कुंवारि का, जेने खोले आंखाणुनी जार ।
एवा शुकने तमो आपशो, तो मलशे सावलिंगा नार ।
× × ×
सुणो सदेवंतराय, अमल कर्या आकरे ।
हुं छुं वालकुमार, जाउंछुं सासरे ।।"

देह-दर्द और हृदय के दर्द से पीड़ित होकर उसने हयेली में घाव के रूप में काव्य-पक्तियां लिखी। हतोत्साह हुई, और अपने घर पर वापस आ गई। तुरत वह पति के साथ पति के देश सिधार गई।

इधर सदेवंत नींद से जाग उठा और सावलिंगा का मिलन न होने से क्रोधित होकर अपने महल में वापस लौट आया। फिर उसकी रानी पाटमदे ने उसको एक वनियेकी कन्यासे प्रेम करनेके कारण कई अयोग्य वातें सुनाईं, वहुत कुछ कोसा। महेणे टाणे लगाये। इससे क्रोधित होकर सदयवत्स ने कड़ी प्रतिज्ञा की कि सावलिंगा से शादी करके उसको मुखिया रानी महाराणी या पटरानी वनाकर छोड़ूंगा। ऐसा कहकर वह अश्वशालामे पहुंचा। एक अच्छा अश्व लेकर उस पर आरूढ़ होकर अकेला चल दिया।

सदयवत्स सावलिंगा के नगर के वाहर पहुंचा। उसको तृषा लगी हुई थी। हाथ में काव्य रूपी समस्या लिखी हुई थी उसकी रक्षा करने के हेतु, वह हाथ से पानी न पीकर पशु की तरह मुंह से पानी पीने लगा। यह देखकर वहाँ की पनिहारियाँ उसकी दिल्लगी करने लगीं कि यह कोई गंवार हैं क्या ?। किंतु वहाँ सावलिंगा की चेरी तथा उस नगर की राजकुमारी कनकावती उस समय नदी-तट पर आयी हुई थी। इन दोनों ने ताढ़ लिया कि यह तो कोई चतुर बुद्धिशाली आदमी है। राजकुमारी कनकावती तो उसके दर्शन करके इतनी मोहित हो गई कि उसके मनसे निश्चय भी कर लिया कि मैं इस व्यक्ति के साथ शादी करूंगी, अन्य से नहीं।

ससुराल में आकर भी सावलिंगा ने अपने पति के साथ वहाने वाजी

करा दी। और माँ ने कह दिया कि पीहर आते समय मैंने एक प्रन किया है निश्चय किया है कि यदि मैं ससुराल से क्षेमकुशल पहुंच जाऊंगी तो मैं सात दिनों तक अपनी शयनगृह में नींद लूंगी।

पति रूपकार ने उस बात को सत्य मान लिया। इस घटना से हमारे देश में उस समय समाज में व्रत भावना के विषय में कितनी दिल-चस्पी थी इसका पता चलता है। कितना था आदर व्रतों के विषय में इसके हमें दर्शन होते हैं।

अब तो सदयवत्स ने एक मालन को साथ लिया और उसकी सहायता से सावलिंगा से मिलने का निश्चय किया। सावलिंगा ने मालन से कहा कि तुम सदयवत्स को साधु का भेष पहनवा कर मेरे महल में जरूर भेज देना।

अब मालन उस नगर की राजकुमारी के यहां चल दी। और पहुंची कुमारी के महल में। राजकुमारी कनकावती ने भी मालन को कुछ लालच दिया। और कहा कि यदि तूं मेरी शादी सदयवत्स के साथ कराने के काम में सहायता प्रदान करेगी तो मैं जिन्दगी भरके लिये तेरी ऋणी रहूंगी तेरे उपकार को न भूलूंगी।

मालन दोनोंके संदेश लेकर सदेवंतके पास आयी और राजा सदयवत्स से कहा कि मैं सावलिंगा के साथ आपका मिलाप करा दूंगी। किंतु साथ ही मैं भी आपसे एक वर चाहती हू, सदयवत्स ने कहा क्या कह दो। मालन ने कहा कि यदि आप मेरी बात के साथ सहमत होते हैं तो मेरी शरत यह है कि यहां के राजा वीरमदे की राजकुमारी कनकावती है उसके साथ भी शादी करनी पड़ेगी। है यह शरत मंजूर? राजा ने शरत को स्वीकार कर लिया। हाँ भर ली। क्योंकि उसका मन सावलिंगा से मिलने के लिये अधीर हो रहा था। जिसके फलस्वरूप उसने यह शरत स्वीकार ली।

अब राजकुमारी कनकावती ने दूती मालन के द्वारा सदयवत्स के मनोभावों की सारी जानकारी प्राप्त कर ली। और अपना निश्चय

सदयवत्स के साथ शादी करनेका यह उसने अपने पिता वीरमदेसे सुना। इस बात को राजा ने स्वीकार भी कर ली। साथ ही पितासे सावलिंगा की सब बातें कह सुनाई। और उनका निश्चय भी बतला दिया। राजा ने इस कार्य में सहायता देने के लिए हां भर ली।

अब राजा ने सावलिंगा की शादी के विषयमें निर्णय करने के लिए रूपशाह सेठ को अपने पास बुलाया और सारीं बातें बतला दीं। रूपशाह को भी अब पता चला कि सही रीतिसे उसकी शादी भी सावलिंगा के साथ नहीं हुई है एक चेरी के साथ हुई है। दूसरा पता यह चला कि सदयवत्स एवं सावलिंगा इन दोनों की परस्पर अत्यंत एवं हृदय से भी चाह है। ये सारी बातें जानकर उसने सावलिंगा को सुपुर्द कर देने की सम्मति देदी। सदेवंत को दे देने की भी रूपशाह ने हां भरी। अब राजा वीरमदे ने एक बड़ा लग्न-महोत्सव निश्चित किया और सदेवंत के साथ ये दोनों स्त्रियों सावलिंगा एवं कनकावती की शादी कर दी।

कुछ समय यहां बिताकर राजा सदेवंत दोनों रानियों को साथ में लेकर बड़े सजधज के साथ अपने देश वापस लौट आया।

राजा शालिवाहन को पता चला कि पुत्र आ रहा है। यह जानकर वह बड़ा प्रसन्न हुआ और बड़ी धूमधाम से लेने के लिए सामने गया।

सदयवत्स की मां भी उमंग में आ गई। उसने भी अपने बेटे को कि जो दो रानियों से शादी करके आया है, पोंख (शादी की विधिके अनुसार) लिये। सदयवत्सने निर्णयानुसार इन तीनों रानियोंमेंसे सावलिंगा को पटरानी के पद पर स्थापित करके प्रण पूर्ण किया। सदयवत्स ने कई वर्षों तक सुख से राजकाज किया। खाया पिया और मौज-मजा तथा शान्ति एवं आनन्द में जीवन व्यतीत किया।

प्रबन्ध में सामाजिक जीवन-नृपति एवं प्रजाजनोंके बीचका संबंध बहुतायत से नगरों में एवं राजधानी में भी सदवर्ताव एवं प्रेम-भावना से युक्त रहता था। फिर भी राजा की अमाप सत्ता के सामने प्रजाजनों का कुछ बस नहीं चलता था "राजा किसी का मित्र नहीं"

प्राचीन सुभाषित के अनुसार, सदयवत्स के पिता प्रभुवत्स का आचरन या वर्ताव कथानक को नया मोड़ देता है। एक दिन पुत्र के पराक्रम पर संतुष्ट होने वाले पिता दूसरे दिन प्रधान मंत्री के षड्यंत्र-शिकार बनता है। स्वयं युवराज-पद पर स्थापित किये गये पुत्र को (राज कुमार को) राज्य की हद छोड़कर चले जाने की आज्ञा देते है। यदि राजा किसी पर संतुष्ट (प्रसन्न) होता है सब उसे 'पसाय' (सं. प्रसाद) देते थे।

राज्य की कार्यवाही में-अनेक प्रकारके प्रपंच एवं षड्यंत्र की कार्यवाही चलती थी, यह बात हमें प्रधान के षड्यत्र (पृ० १४) की कार्यविधि से ज्ञात होती है। बहुतायत से राजा लोग निष्क्रिय रहते है।

क्षणंतुष्टः एव क्षणं रुष्टः ऐसी राजा की उदात्त भावनाये भी गणना-पात्र है ही। प्रभुवत्स राजा को प्रजाजनों ने जो चीजें प्रदान की थी उनका राजा ने स्वीकार भी नही किया था। किंतु वापस लौटा दी थी। (कड़ी ३९१)

न्याय देने की पद्धति का दर्शन-सदयवत्स राजा एक प्रसंग देता है (पृ. ६४) वहाँ होता है। खास करके कानून के चक्कर मे पड़ने के बजाय सरल समजदारी एवं व्यावहारिक बुद्धि का प्रयोग करके ही न्याय का फैसला या निर्णय लिया जाता था।

त्यौहार या उत्सव-प्रसंगऊपर नगर जनों द्वारा नगर-की जोसजावट या शृंगार बंदनवार होता था इसका भी कवि ने सुंदर बयान दिया है। (पृ. १२-१३)

नगर में एक ओर जैसे **गणिकागृहों की** अनिवार्यता देखने में आती है, वैसे दूसरा ऐसा अनिवार्य स्थान **द्यूतस्थान** (जू-ठाण) प्रख्यात गिना जाता था ऐसा हमें पता चलता है (कड़ी ४०१) द्यूतस्थान द्यूत के क्षेत्रीय अखाड़े) राज्य-सम्मत गिने जाते होंगे ऐसा प्रतीत होता है। प्रसिद्ध जुआरियोके नाम भी कविने अंकित किये है। (कड़ी ५०९-५१०)

वैसे ही प्रसिद्ध वारांगनाओं के नाम भी (कड़ी ५४२, ५५२) क्रमवद्ध एव ब्यौरेवार गिनाये हैं। आधुनिक युग के जिसकी गणना समाजमें होती है और इस समाजमें जितना महत्व का गिना जाता है, उतना प्राचीन समय में गणिका एवं द्यूतका स्थान होगा, ऐसा अनुमान किया जा सकता है।

महाजन श्रेष्ठियोंकीसत्ता-नगरों में उनके व्यापार के क्षेत्र में अबाधित रूप में रहती थी। उस समय के प्रचलित श्रेष्ठियों के नामों की जानकारी भी हमे प्राप्त होती है। (कड़ी ५३२, ५३५)

वारहट्ट और ब्रह्मभट-या चारन का स्थान राजा एवं प्रजा के बीच में संयोग जोड़ने वाली शृंखला के समान था। किसी भी व्यक्ति के लिये वह 'प्रतिभू' यानी Surety किंवा प्रतिनिधि बन सकता था और वह राजमान्य भी गिना जाता था। (पृ० १२) सावलिंगा को बहिन (भगिनी) समझकर एक गांव का वारहट्ट कि जिसको राजा ने पसाव (ग्रास) प्रदान किया था और वह उसका उपभोग भी करता था। उसने पांच दिनके लिए आश्रय दिया था। यह उसका उदात्त चरित्र उदाहरण-नीय जान पड़ता है।

राजा की आज्ञा का पालन करने वाले-'तलार' औलग (सेवक) उपस्थित रहते थे। (पृ० ८८-८९) दंड के भेदों में शूलि, अंग-च्छेद एवं कारागृहवास जेलखाना इतने भेद जानने समझने के लिए प्राप्त होते हैं।

आत्महत्या इसके उपरांत स्वेच्छा से लोग संसार असार जानते ही जीवन से तंग आकर काशी में जाते थे, और वहां करवट लगवाकर जीवन समाप्त करते थे। इसके द्वारा समाज की पूर्वजन्मके प्रति कितनी अड़ग श्रद्धा रहती थी इसका हमें दर्शन होता है। मालवा प्रदेश में शिक्षा के रूप में किसी धातु या सिक्का तारम करके निशानी कर दी जाती थी ऐसा भी उल्लेख मिलता है।

ज्योतिष- ज्ञाता ब्राह्मण देवकी भविष्य वाणी यदि बेकार असत्य साबित होगी तो उसको शिक्षा देने की चेतावनी के उद्गार प्रभुवत्स राजा ने निकाले है। (कड़ी २४)

कुनबा एवं गृह जीवन- हिंदू संसारके ब्राह्म विवाह विधिका रसिक एवं यथारूपा (सादृश्य) वर्णन कवि ने दिया है। (कड़ी ६३६ ३७-३८) साथ साथ हिंदू संसार में सउकी (वपत्नी) या सौत को भी एक अनिवार्य परिस्थिति के रूप मे गिनी गई है। (कड़ी २७२-७५) अतिथि या मेहमान का आदर सत्कार भावपूर्ण रीति से होता था। इसके वैभवद्योतक स्वरूपका वर्णन भी प्राप्त होता है। (कड़ी ३९७-९८) सावलिगा ने आत्महत्या के पूर्व जो प्रार्थना की है उसमें सती साध्वी सन्नारी के पति के प्रति भावात्मक ऐक्य व्यक्त किया गया है। (कड़ी-६००-६०८)

विरहाग्नि की जलन से आकुल व्याकुल सदयवत्स अपने दोनो हाथ दूर रखकर चौपाये की तरह पानी पीता है। क्योंकि उसके हाथके भीतर हथेलियों में उसकी प्रेयसी सावलिगा ने समस्या के रूप में काव्य पंक्तिया लिखीं थीं। वे पंक्तियाँ नष्ट न होने पावे, इसलिये उसको ऐसा करना पड़ा है। इस दृश्य को देखकर जन-सुभाव से परिचित ऐसी पानी भरने आयी हुई पनिहारियों ने भी कैसे अनुमान किये हैं। वह प्रसंग बहुत ही हृदयंगम है। एक सचित्र पोथी में एक चित्रकार ने उस प्रसंग को रंग एवं रेखाओं के द्वारा जीवंत बना दिया है।

उस समय समाज मे **गणिका का स्थान** अनिवार्य एथं आवश्यक माना जाता था जान पड़ता है। क्योंकि चातुर्य प्राप्त करने के जो पाच स्थान मुख्य हैं। उसमें गणिका को स्थान दिया गया है। फिर भी उस गणिका का द्रव्य हरण एवं पुण्य आदि बातें सुभावजन्य हैं। अभिजात गणिकाका आदर्श व कामकंदला में भी प्राप्त होता है। गणिका की सूची कवि ने दी है। उस परसे अनुमानतः विक्रम की १५ वीं शताब्दी

में स्त्रियों के कैसे नाम प्रचलित होंगे, उसका हमें ख़याल आता है। वैसा ही दूसरा नाम का वर्णन व्यापारी एवं सेठ शाहूकार का भी मिलता है।

वहुनायत से सामाजिक एवं धार्मिक प्रसंगों के वर्णन में कवि ने अपने जमाने का सुंदर चित्र अंकित किया है। सीमन्तिनी-यात्रा-वर्णन में उसका लाक्षणिक दृष्टांत प्राप्त होता है। लीलावतीके साथका विवाह विधि या शादी का वर्णन 'धउल' (धोल) में किया है। इस तरह कवि ने वर्णनमें स्वाभाविकता ला रक्खी है।

जीवनमें रूढ़ मान्यतायें ज्योतिप शास्त्र के विषय में लोक मानस में वहुतायत से उसके फलादेश के प्रति वहुत आदर रहता था—जान पड़ता है। कथानक के प्रारम्भ मे एक चतुर्वेदी ज्योतिप ज्ञाता-विप्र के ऊपर तथा उसके कहे हुए भविष्य कथानक के ऊपर कथानक में रस केन्द्रित होता है। और भविष्य वाणी को नष्ट करने के लिये राजा अनेक प्रयत्न करते है, किंतु उसको सफलता प्राप्त नहीं होती है। फलस्वरूप पहले कुंवरके ऊपर प्रसन्न होनेवाला राजा दूसरे ही दिन प्रधान-मंत्रीके षड्यंत्र के कारण तुरंत राजकुमार को देश छोड़कर चले जाने की आज्ञा देता है। देश से बाहर कर देता है।

यहां से कथानक में साहस एवं अद्भुत रस का संचार होता है। किन्तु उसके मूल में वही ज्योतिप-ज्ञाता विप्र का फलादेश ही निमित्त होता है।

शकुन अपशकुन की मान्यतायें-भी अनेक स्त्रियों एवं पुरुषों के हृदय में जड़ जमाये वैठीं हुई मालूम होती है। अपशकुन की परम्परा का वर्णन (दे. पृ० ८) एवं शकुन की मीमांसा (दे. कडी १६७-१७५) वाला वर्णन-विभाग उसका समर्थन करता है। श्याम (कृष्ण) रंग के शृंगार श्याम रंग के वस्त्र आदि अपशकुनके द्योतक अंग हैं। (पृ० १४-१५) प्रतिदिन के व्यवहार में इस मान्यता का गहरा असर रहता था। दे. सउण भणी सीरामणी कडी १४३ और जोगिणी जिमणी जाय कडी १६६)।

वर्णन शक्ति के दर्शन-ग्रंथ में प्रसंग के अनुसार कवि ने अपनी वर्णन शक्ति का सुन्दर परिचय दिया है । कथानक का प्रवाह अस्खलित (बिना रुके) चलता ही रहता है । फिर फिर भी कथानक में जब कौतूहल उत्पन्न होता है, वहां कविगण क्षणभर के लिये विराम पाते हैं । और कदाचित ऐसी करते हैं कि तीन या चार कड़ियों या पंक्तियों में सारे प्रसंग-चित्र को तथा उसके अनुरूप हृदय वातावरण खड़ा कर देते हैं । यहां केवल उसका निर्देश किया गया है । जैसे कि नगरी-पथ का वर्णन (कड़ी ४१२-४२२) पंसारी बाजार एवं वहां की चीजों का वर्णन (कड़ी ३४-८०) व्यापारियों का वर्णन (कड़ी २१२-२१६), स्त्रीसौंदर्य का वर्णन (कड़ी १५९-१६३) नगरश्री का वर्णन (कड़ी २०६-२२६) कैलाशपति के मंदिर का वर्णन (कड़ी २१७-२१९), दूल्हा-अश्व-प्रशस्ति (धवलकड़ी २१७-२१८) सदय-वत्स का गुन-वर्णन (कड़ी २८), सावलिंगा का रूप वर्णन (कड़ी ३१२-३३२), वरयात्रा या बरात का वर्णन (कड़ी ३२२-३२४), गहरे अरण्य का वर्णन (कड़ी ३६०-३६४), नगर वर्णन (कड़ी ४२३-४२२), सदाशिव वन वर्णन (कड़ी २१७-२१९), युद्ध वर्णन (कड़ी ६२९-६३५), शूर या वीर जनों की प्रशस्ति (कड़ी ५९६, ५९७) एवं पुण्य की महिमा (कड़ी ७३०) ये सब उल्लेखनीय वर्णन रोचक एवं प्रासादिक भी है । और कवि की प्रतिभा एवं बहुश्रुतता के द्योतक है ।

प्रबंध में अलंकृत एवं सुभाषित वानी का प्रयोग:-

कविकी रचना मनोगम्य एवं प्रसादिक भी है । उसके दृष्टांत कविने कथानक में अनेक जगह पर विविध रूप में अंकित किये है । जैसेकि अर्थान्तरन्यास (कडी २२६,२१८ २९०,८२) सुभाषित(कडी १०३६२२) और अन्योक्ति (चकवाकीके प्रति कडी ३६५-३६६) एवं इसमें सामली वचन जैसे सुभाषित भी है । जैसे कि बिना पतिकी प्रेमदा (पति विनानी प्रेमदा) ऐसे संवंधित सुंदर भाव-चित्र कवि ने खड़े किये है ।

कुकर्म से मनुष्य के पुण्य कार्यों की वृद्धि नही होती है । किसी सत्पुरुष के समागम से ही भाग्योदय होता है । या भाग्य फल देता है । इस मान्यता में कर्म का सिद्धांत ध्वनित होता है । (कड़ी १३)

इस तरह कवि "भीम" की रचना सदयवत्स वीर प्रबन्ध विक्रमी १५ वीं शती का अनेक दृष्टि से एक अमूल्य रत्न जैसा है ।

आदि पृष्ठ । सदयवत्स वीरप्रबन्ध । लिपि संवत नहीं है । प्राच्य विद्या मंदिर, बड़ोदा ।

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

कवि भीम-विरचित

श्री सदयवत्सवीर प्रबंध[1]

ॐ नमः । श्री शारदायै[2] नमः । श्री सद्गुरुभ्यो नमः ।

[मंगलाचरण]

(गाहा)

माई महामाई-मज्झे, बावन्न वन्न जो सारो ।
सो विंदु ओंकारो, स ओंकारो नमस्कारो ॥ १ ॥

जिण रचीय आगम निगम, पुराण सर-अक्खराण वित्थारो ।
सा ब्रह्माणी वाणी, पय[3] पणमवि सुपय मग्गेसु ॥ २ ॥

गयवयण गवरीनंदण, सेवइ सुहकरण असुह-अवहरणो ।
बहु-बुद्धि[4]-सिद्धिदायक, गणनायक पढम पणमेसु ॥ ३ ॥

गुरु लहुय जि केवि कवियण, सरस-सुअत्थ सुच्छंद-बंधयरा ।
एकत्थ[5] ताण सव्वे, करजुअलं जोडि पणमामि ॥ ४ ॥

[नव रसात्मक सदयवत्स प्रबंध]

सिंगार हास करुणा, रुद्दो वीरो भयाण बीभच्छो ।
अद्‌भुत संत नवइ रसि, जसु जंपिसु[6] सदयवच्छस्स ॥५॥

---

१. 'सुदयवत्सवीर चरित्र' अ.; 'सुदयवच्छचुपइप्रबंध' आ. २. 'वीतरागाय नमः' आ. ३. 'पय पूजवि हूँय मग्गेसु' आ. ४. 'तणिष', 'बंध' आ. ५. 'एकंत वाणि सव्वे', अ. ६. 'बणिस', आ.

एत्तारउ[1] संवच्छरह, नट्ठ जन्म नांनि निसि अगाढ ॥
जं सुरपुरि जं नरभुवणि, जं पं हुइ पायालि[2] ।
नरवर ! निज मंदिर-थिऊं, तं जाणूं तिणि कालि" ॥१५॥

(दूहा)

विप्प-तणइ ग्रति वड वयणि, खणिउ राउ-मनि रोस ।

[प्रभुदास दपन]

"जं बंभण ! तूं[3] बरलिउ, तं[4] जाणिनु तूं ग्र जोस" ॥१६॥

तिणि[5] अवसरि अग्गलि रहिउ, गलि गज्जइ गजराउ ।

[ज्योतिष ज्ञान परीक्षा । गजराज जयमंगल आयु प्रश्न]

"जयवंतु[6] जयमंगलह, एह कहि, केतूं[7] आउ ?" ॥१७॥
लगन लेई[8] तब तत्तखिणि, कहिय गणी करि भल्लि ।

[अमंगल फलादेश कथन]

"जइ पूछिसि पहुवच्छ पहु, मरइ ति कुंजर कल्लि !"॥१८॥

बंभण-केरइ बोलडइ, राउ चमक्किउ चित्ति ।
"जउ कुंजर कल्लि नवि मरइ,तउ तूं ग्र कहि,कुण गत्ति?॥१९

आगइ एक अणजाणतां, तइं घड़ बोलिउ बोल ।
आ तिहूं-पाहिइं अधिक, जाणइ निरस निटोल" ॥२०॥

विप्प भणइः "नरवर ! निसुणि, देव मदु छि अनंत ।
जे जयमंगल हत्थीउ, तेग्रं थिइ दिणि ग्रंत ॥२१॥

---

१. 'वरतक' ग्रा. २.'पैयाल' ग्र. ३. 'तइं' ग्र. ४. 'सिउ जाणिस तूं जोस' ग्रा. ५. 'तीणि' ग्रा. ६. 'जइवंतु' ग्रा. ७. 'किपूं' ग्रा. ८. 'सिहुंत वहंत तीणई' ग्र., 'स' ग्रा. ।

चिहुँ दिसि चिहुँ थम्भे सरिस, जइ बहु बंधरिण बद्ध।
तोइं वि प्रुहरे [वंभरण भरणइः] "चल्लइ मत्त मदंव ॥२२॥

गरूअ गुफा भल भुंहिरइ, चिहुँ पक्खे पुंतार।
इम रक्खंतइ राय! सुरिण, वि-पुहरि मंडइ मार" ॥२३॥

[प्रभुवत्स नृप कोप-कथन]

(वस्तु)

राउ जंपइ, राउ जंपइः "वयरण निसुरिण[1] विप्प।
मुझ परतन्या पुव्व लग्गइ, अधिक उच्छ बोलइ स वारू।
अलीअ न चल्लइ अम्ह-तरणइ, सच्च होइ तुह कज्ज सारू।
जउ वंभरण! वि-पुहर-समइ, मत्त न मोडइ खंभ।
तउ तूं[2] आगा तिलयनइ ठामि दिवारिसु[3] डंभ ॥२४॥

(चउपई)

"जउ जोसी! तूं ज्योतिष साच, तउ थिर थापउं माहरी वाच।"
[फलादेश मिथ्या करणोपाय]
इम बोली तुरी पाठविउ, राइं गज-राखरण आठविउ ॥२५॥

एकि भरणइः "ए वांभरण[4] बूड", एकि भरणइः "ए[5] काचउ कूड"
एकि भरणइः "ए पडिउ अपाइ,किम छूटेसिइ राखिउ राइं?"॥२६॥

गज-पाखलि पायक सइं पंच, ते[6] पुंतारि मुरणइ प्रपंच।
तीह आपी आंकुस नइ आर, राइं[7] मेल्हया राखरणहार ॥२७॥

मत्ता-पाखलि पुहरा पडइ, एकि आंकुस लेई ऊपरि चडइ।
इरणइ[8] परि राखिउ सघली राति,पुहतउ तिहां पहुवच्छ प्रभाति॥२८॥

१.'निसुणि वर विप्प' आ. २.'तल तणइ' अ. ३.'दिवारिसु' अ. ४.'बूड' अ. ५.'कीचउ' आ., ६.'जे' अ.'कुणइ प्रपंच' अ. ७.'वूणी वरा पाडया पुंतार' आ. ८. 'इम रप्यु गज' आ.

[विशेष गज-रक्षण-प्रबंध]

घणी अधिकि बंधाविउ बंधि, सवा-भार लोह-संकल कंधि ।
नवि सलसली रहइ थिउ ठामि, किरि[1] चित्र कि लिखिउ
चित्रामि ! ॥२९॥

थाईं तइ तेडया पुंतार, "रे ! रखि-परि करिज्यो सार ।
गाढा थई राखउ[2] गजराज, वांकग्यु वि पुहुर लहिस्या आज" ॥३०

[उच्छृंखल गज-गमन]

इम करतां सिरि आविउ सूर, गज चालिउ पावरिमनूं पूर ।
धाइ धसइ अनइ धडहडइ, किरि आसाढि अंबर गडगडइ ॥३१॥

मोडी संकल मोडया खंभ, चुहुटइ चालिउ गहआरंभ ।
नवि लेखइ[3] आंकुस नइ आर, धूणी धरा[4] पाडया पुंतार ॥३२॥

[उन्मत्त गज पथ-विहार-परिणाम]

गजि चउहटइ जई मंडिउं गाह, पान-तणां सवि लाख्यां लाह ।
फूल-तणा तिहां पूर्या पगर, मइगलि माथइ कीधउं नगर ॥३३॥

पुहुतउ श्रेणि सुगंधी-तणी, राज-वस्त मेली रेवणी ।
लांखइ केसर अनइ कपूर, वास्यां तेल वहाव्यां पूर ॥३४॥

[लोक-संभ्रम]

छीणइ दीठइ दोसी दडवडइं, पारिखिने पगि पींडी चडइं ।
फडीआ फोफलीआ सोनार,[5] नाठा लोक : न जाणइं सार ॥३५॥

हाट-मांहि थिउ हालकलोल, किरि कमलापति करइ कलोल ।
पोतां लांख्यां पारिखि-तणां, कापडि सरिस किरिआणां घणां॥३६॥

---

१. 'जाणे गज लखीउ चित्रामि' आ. २. 'राख्यो' अ. ३. 'मानइ' आ. ४. 'धरि' आ. ५. 'सूनार' आ.

एकि अटालि मालि गढि चडइ, एकि पाधरि दह दिसि दडवडइ।
एकि[1] छावड़ां अछइ छडछोक, ते सीकिइं[2] -थ्यां लूसइं लोक॥३७॥

गिउ गयंद सुर-हटनी वाट, तिहां[3] मदिरानां दीठां माट।
मधु महुअडां द्रवणि जस द्राख, ते गजवरि आरोग्यां लाख[4]॥३८॥

आगइ पंचायण पाखरिउ, आगइ पन्नग पंखावरिउ।
आगइ गज अंगि जमदूत, वली वारुणी भावि थिउ भूत॥३९॥

सुंडाहल पूरइ परचंड, दंतूसल जाणे जमदंड।
पाडइ विसमा पोलि प्रासाद, नर नारिनूं[5] ऊतारइ नाद॥४०॥

[गजनियंत्रणे नृपागमन]

राउ असवार थई थिउ[6] केडिः "जे भड भला ते वहिला तेडि।
जे आणी वंधइ[7] गज ठामि, तेहनइं आपूं गाम अनामि॥४१॥

आपउं अंग-तणउ शृंगार, आपूं एकाउलिनउ हार।
आपूं अधिक वली पसाउ, जे वलीउ वंधइ गजराउ"॥४२॥

एकि भणइः 'आघो थाईइ', एकि भणइः 'जमपुरि जाईइ'।
एकि भणइः 'वरि रूसइ राउ, सरसिइ[8] एहना-पखइ पसाउ'॥४३॥

[ब्राह्मण सीमन्तिनी-गृहागमन प्रसंग]

नव[9] बारहि नयर ऊजेणि, नितु नव नवा महोत्सव तेणि।
बंभण एक-तणइ तिणिवार, आघरणि अवसरि जयकार॥४४॥

गयगामिणी धवल-धुणि करइ, वारु विप्प वेअ उच्चरइ।
मस्तकि मेघाडंबर छत्र, वाजइं पञ्च शबद वाजित्र॥४५॥

भरीय सेसि सइंहथिइं माई, पीहरि—थी पस पूरइं जाई।

१. 'जे छां छडा असइ छड छोक' आ. २. 'पाछलि' आ. ३. 'मदिरा-पूर्यां' आ. ४. 'राष' अ. ५. 'नरनरिंद' अ. ६. 'त्रिउ' पा. ७. 'वंधइ बलीउ' आ. ८. 'हडिसिइ' आ. ९. 'नव वाहरि' आ.

[अपशकुन परम्परा]

जां[1] घडि चालइ पहिलइ पाइ, तां आडी ऊतरइ बिलाइ ॥४६॥

खडकी फूली चाली वाट, जातां वाटि विनागूं घाट।
जां[2] घाटडू विच्छोडी वाडि, तां तरु-मडंनी छीकी त्रिलाडि ॥४७॥

पग संचीनइ पाछी वलीउ, मूकइ काठि काग किलगिलइ।
अनइ अनेरां हूई असुगा, तिह्नां कारगा जागाइ कुगा ? ॥४८॥

एकि भगाइ: 'एह् पडिसि आभ',[3] एकि भगाइ 'एह् गलिसिइ गाभ'।
एकि भगाइ : 'एह ह्वडां ङागि,एह् असुगा-तगाइ परमागि'॥४९॥

[गजराज कृत सीमन्तिनी-ग्राह]

गजंर सुणी गज तिहां-थउ वलिउ, पेखणहार लोक सहु पलिउ।
सगूं सणीजूं गिउ सहू वही, विप्र-घरणि[4] गयवरि ग्रही ! ॥५०॥

इम साही सुंडिहि कडि यंत्रि, जाणे लाठि[5] लगाडी यंत्रि।
नवि मेहल्हइ नवि मारइ मत्त, पेखइं राइ राणा राउत्त[6] ॥५१॥

[सीमन्तिनी-पतिकृत मोक्षस्थापना]

(छन्द पद्धडी)

धव आविउ धाइउ[7] ति नारी-भरतार,
बुंबारव वंभण करइ अपार।
"को सुभट शूर साहसिक शुद्ध[8]
को धीर वीर वंसह विशुद्ध ? ॥५२॥
कोइ जाइउ चउदिसि चपल अंग ?
को अकल अटल आहवि अहंग ? ।

---

१. 'छेडि वीलइ' आ. 'आगलि' आ. २. 'जां घाटक कुंच डीको बाडि,तां न रमइक्का छीक निलाडि' आ०। ३. 'पडिसि' अ. ४. 'नारि भराहरि' अ. ५.'लाटि' अ. ६.'सामंत' आ. ७. तिहिं' आ ८.'सिद्ध' आ.

काइ खित्तीअ खल-खंडण समत्थ ?
को अछइ छयल्ल खिति खग्गहत्थ ?" ॥५३॥

[मार्गे कुमार सदयवत्सागमन]

इम करतउ जउ जुवटइ जाइ,
पूछिउ[1] ताम पहुवच्छ-जाइ ।

[सदयवत्स वचन]

"देव ![2] दया कर, कुण दूहवइ तुज्झ ?
थिर थइ भिड-कारण कहिन मुज्झ ॥५४॥'

कुणि मारिउ ? डारिउ ? हरिउ रिद्धि[3] ?
कुणि लूसिउ ? लीधउ ? तू कहिन सिद्धि ?"

[विप्र रक्षण-याचना]

तीणि वयणि विप्प गीअ[4] विहलमुच्छ,
"करि वाहर, स्वामी सदयवच्छ ! ॥५५॥

(दूहा)

आघरणि अवसरि घरणि, आवंती आवासि ।
मारगि अवला एकली, पडी महागज-पासि ॥५६॥

जम-मुहि किस्यू[5] जीवीइ ?, चतुर ! विमासिन चित्ति ।
सदयवच्छ ! सा वंभिणी, मारीय हुसिइ मत्ति !" ॥५७॥

[वीर सदयवच्छ मत्तगजाक्रमण]

(छंद पद्धडी)

तव धायो धूंवड धसमसंत,
किरि आवइ केसरि करि[6] कसंत ।

---

१. 'तिहां पूछीय' आ. २. 'दैव दैव म करि' आ. ३. 'अरथि' आ. ४. 'वयु बुहम पुछ' आ. ५. 'केतू' आ. ६. 'कमकसंत' आ.

वर्वरीय भंटि भलकंति[1] भालि,
फलकिल्यु[2] वीर पषु भृकुटि भालि ! ॥५८॥

मयमत्त[3] रत्तू जब दिट्ठु दिट्ठि,
तव असिगर कड्ढवि किद्ध मुट्ठि ।
मुहि मंडवि हक्किउ सवल हत्थि,
साहसीय[4] सुभट्ट सुंदर समत्थि ॥५९॥

नवि मेल्हइ नारिय सूंडि-अग्गि,
दंतूसल तोलवि चलिउ वेग्गि ।
इम हणिउ करडि करिमालि कंधि,
जिन त्रूटि[5] रोसि गिउं श्रवण-संधि ॥६०॥

[6](राग केदार एकतालो)

राइं वोलाव्या वहू, जे भड गय-घड खंडंति ।
तेहू पाखलि परिभमइ, नवि धारण मुहि मंडंति ॥६१॥

मेगल मत्तालउ ए, नवि जाणइ पवरिस-पार ।
अंकुसि सरिसा अवगणी घूणी, वर पाडया पुंतार ॥६२॥

[सदयवत्स कृत हस्ति-निग्रह]

सदयवच्छ सूर सही, जीणइ वलीइं वंभण-नारि ।
मेल्हावी. हणी हाथीउः, जग पेखइं जइ जयत जूआरि ॥६३॥

(छंद पद्धडी)

गडअडिउ गयंद कि पडयउ पुहव्व,
सुर अंतरिक्खि पेक्खिइं अपूव्व ।

१.'भलकइ कवालि' आ. २.'कलकलिउ वटाणु, थिउ भृगुटि भालि' आ. ३. 'मयमत्तउ जव नयणि दिट्ठ' आ. ४. 'साहसीक सूर' आ. ५. 'त्रूटिवि' आ. ६. टूंक ६१ थी ६३ आ. प्रति मां नथी ।

'जय जय' शबद जंपइ जगत्त,

पहुवच्छ-पुत्त[1] पेखइ चरित्त ॥६४॥

[सीमन्तिनी त्राणजन्य आनंद]

(चउपई)

ते बंभण तेडिउ[2] तिणिवार, युवति समोपी किद्ध जुहार[3] ।
बंभण-घरि विमणउ[4] उच्छाह, 'मुद्द! सुद्द !' करइ[5] नरनाह ॥६५॥

[प्रभुवत्स-दत्त धन्यवाद]

जाजंतइ जई किद्ध जुहार, राइं आलिंगण दिद्ध अपार ।
वापिइं वेटउ बाँहि धरिउ, राउ राजभवनि संचरिउ ॥६६॥

बारहट्ट बोलइ तिणि वार, सदयवत्स न सहइ कईवार ।
भाटइं भेद परीठिउ[6] इसिउः "पशु मारइं पुरषारथ किसिउ?॥६७॥

(छंद तोटक)

मइमत्त कि मारिय लज्ज रयउ,
शर-टंकीय सुंदर शल्ल विगयउ ।
गयगंजण ! लज्जजइ रि किमइ ?
किम किज्जय सद्द सुसमर तिमइ ? [7]" ॥ ६८ ॥

(गाहा)

पोढा करोय पहारो, मेल्लावइ मुच्छ मोडए मूढो ।
साहसीअ सदयवच्छो, लज्जरिउ मारि मयमत्तो ॥६९॥

---

१. 'पवरिउ पेखइ पुत्त' अ. २. 'तेडाव्यु ताम' आ. ३. 'प्रणाम' आ. ४. 'मनिईं' आ ५. 'सूदा साद' आ. ६. 'रीछयउ' आ. ७. टूक ६८ आ. प्रति० मां नथी.

[[illegible]]

([illegible])

ते [illegible] , [illegible] ।
[illegible] ॥७१॥

[illegible] , [illegible] ।
[illegible] ॥७०॥

[[illegible]]

“तुम्हि जगि अवतर्या[२] [illegible] देव ! [illegible]
नयणि[३] निरंतर रहूं निशिदीस, [illegible] ॥७२॥

रहूं भमुं जाऊं [illegible], चरि[४] [illegible] ।
[illegible] फिरउं, [illegible] न अंगी करउं ॥७३॥

जिहां जिहां गामनि हाना होइ, जिहां जिहा पान्या कुतूहल कोइ ।
जोवा जाऊं तीणिइं ठामि, ऊणइ संकटि पाडि" म स्वामि ॥७४॥

राज-काजि एक वंचव बाप, मानइ पुरुष न वीहइं पाप ।
लीलावंत-तणइ मनि लाज, [मूढउ भणइः] न गाजिइं काज"॥७५

[प्रभुयत्स-प्रसाद]

आपिउ एकाउलिनउ हार, आपिउ अंग-तणउ शृंगार ।
आपिउ आसण-तणउ तुरंग, राजा-अंगि[६] न माइ रंग ॥७६॥

ते वंभण तेडाविउ ताम, प्रति ऊठीनइ[७] किद्ध प्रणाम ।
आपिउं वासि वसंतूं गाम, वहु[८] अरथ नइ अंवर द्राम ॥ ७७ ॥

---

१. 'मंगलवार' आ. २. 'जइजइवंता देव' आ. ३. 'निरंतर' या. ४. 'चरि' आ.; 'निग्र' अ.५.'पाउ काइं' आ. ६. 'रिदइ' अ. ७. 'राजा ऊठी' अ. ८.'अरथ सरीसु अंवर द्राम' आ.

वंभणनइ घरि भागी भूख, नाठूं दुरीय-सरीसूं दूख।
महाराजि जउ दीधउं मान, लोक-मांहि तीणइ[1] वाधिउ[2] वान ॥७८॥

(दूहा)

वंधी[2] तलीया तोरणह, गूडीय वन्नरवालि।
दीसइ दीवाली-तणा,[3] उच्छव हुई[4] अगालि ॥७९॥

पंच शब्द निनाद[5] रसि, वद्धावी वाजंति।
पड-सद्द[6] पूरी भुंवण, गयणंगण गज्जंति ॥८०॥

विप्प वेअ-धुणि उच्चरइं, करइं सुकवि कइवार।
रायंगणि राजा-तणइ, मिलिया मग्गणहार ॥८१॥

